हनुमानगढ़ जंक्शन
मंगलवार 18 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 164| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	76,992.77	+181.88
निफ्टी	23,465.60	+66.70
डॉलर	83.53	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 33° अधिकतम 44°

दार्जिलिंग में रेल हादसा, 15 की मौत

मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मारी टक्कर, घायल हुए 60 यात्री

नई दिल्ली. पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8.55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। न्यूज एजेंसी ने हादसे में 15 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और सीईओ जय वर्मा ने 5 लोगों की मौत और 25 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, ईस्टर्न रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने मालगाड़ी के ड्राइवर को जारी किए दस्तावेज टीए 912 में उसे सभी रेड सिग्नल पार करने की मंजूरी थी। इससे पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा के मुताबिक, मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। जिसके कारण वह कंजनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और एनडीआरएफकी टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है। कौशिक ... शेष पेज 9 पर

मृतकों के परिजनों को 10 लाख की सहायता

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले परिवारों को 10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपए और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के सीआरओ सब्यसाची दे ने कहा- जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है, उसे रात तक चालू कर दिया जाएगा। डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस भी रात में चलेगी। एक्सीडेंट की वजह से 19 ट्रेनें डायवर्ट की गई हैं।

पीएम से मिले सीएम बजट को लेकर की चर्चा

» लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद पहली बार अकेले में चर्चा, भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्रियों से भी की मुलाकात

जयपुर. सीएम भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम भजनलाल पहले से तय प्री-बजट बैठक को स्थगित करके दिल्ली पहुंचे थे। माना जा रहा है कि सीएम भजनलाल ने बैठक में पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव की परफॉर्मेंस को लेकर फीडबैक दिया। प्रदेश के आगामी बजट और योजनाओं को लेकर भी पीएम मोदी से चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव के बाद सीएम भजनलाल पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। लेकिन, वहां दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हो पाई थी। ऐसे में सीएम भजनलाल और पीएम मोदी के बीच हुई मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। अपने एक्स अकाउंट पर मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए सीएम ने लिखा-... शेष पेज 9 पर

संसद का मानसून सत्र 24 से स्पीकर पद के लिए रस्साकशी

» कांग्रेस की खास बैठक में मंथन, सोनिया व राहुल सहित अन्य सीनियर नेता हुए शरीक

नई दिल्ली. केंद्र में नई सरकार बनने के बाद 24 जून से संसद सत्र शुरू होने वाला है। उससे पहले कांग्रेस और भाजपा में बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस नेताओं की सोमवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर अहम बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। इसमें लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुनाव पर मंथन हुआ। इसके अलावा विपक्ष के नेता के तौर पर भी उनका नाम पार्टी नेताओं ने आगे किया है। 8 जून को सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में उनके नाम का प्रस्ताव भी पास हो चुका है। राहुल ने इस पर सोचने का वक्त मांगा है। नई सरकार के शपथ ग्रहण और विभागों के बंटवारे के बाद 24 जून से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। यह 3 जुलाई तक कुल 9 दिन चलेगा। इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा को संबोधित कर सकती हैं। इसके बाद राज्यसभा का भी सत्र शुरू होगा।

भाजपा नेताओं की बैठक राजनाथ के घर हुई

इससे पूर्व एनडीए घटक दलों की बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर हुई। इसमें भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, जेडीयू के ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान मौजूद थे। बैठक की बात तो सामने नहीं आई। सूत्रों की मानें तो, बैठक में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के एनडीए उम्मीदवार के नाम पर मंथन किया गया। भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखेगी। ये बात लगभग... शेष पेज 9 पर

राहुल वायनाड से देंगे इस्तीफा, प्रियंका लड़ेंगी चुनाव

» कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने किया एलान, राहुल बोले-वायनाड का दौरा करूंगा

नई दिल्ली. राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे और रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। वायनाड से प्रियंका गांधी उपचुनाव लडेंगी। सोमवार को कांग्रेस की 2 घंटे की बैठक के बाद राहुल और खड़गे ने इसका ऐलान किया। राहुल ने कहा- वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा.... शेष पेज 9 पर

नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की मशक्कत

सचिवालय में हुई बैठक, मुख्य सचिव व डीजीपी सहित अन्य अधिकारी हुए शामिल

जयपुर. मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में नये आपराधिक कानून के संबंध में बैठक हुई। बैठक में नये आपराधिक कानूनों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि 3 नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एक जुलाई 2024 से लागू हो जायेंगे। श्री पंत ने बताया कि तीन नये कानून 150 साल पुरानी दण्ड आधारित न्याय प्रणाली को न्याय आधारित बनाएगा। पुराने कानूनों के स्थान पर लाये जा रहे नये कानून हमारे संविधान की तीन मूल भावनाओं- व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सभी के साथ समान व्यवहार के सिद्धांत के आधार पर बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध, मानव शरीर को प्रभावित करने जैसे मामलो को प्राथमिकता दी गयी है। नए कानूनों में पुलिस एवं नागरिकों के अधिकारों के बीच अच्छा संतुलन कायम किया गया है एवं प्ज् के उपयोग से कई प्रणालियों को सरलीकृत ... शेष पेज 9 पर

एक से दो सप्ताह में मिलने वाली जांच रिपोर्ट अब कुछ घंटों में

» आधुनिक रक्त जांच मशीन स्थापित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन की रिलायबल लैब में आधुनिक रक्त जांच मशीन स्थापित की गई है। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पारस जैन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा, डॉ. कपूरीलाल गर्ग, डॉ. प्रियमवधा गर्ग, डॉ. विजय सोनी, रिलायबल बीकानेर के विष्णु कुमार की मौजूदगी में रक्त जांच मशीन का लोकार्पण हुआ। डॉ. पारस जैन ने बताया कि दिनेश गुप्ता के माध्यम से स्थापित की गई यह आधुनिक रक्त जांच मशीन हनुमानगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र के मरीजों के लिए संजीवनी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट की देरी का खामियाज मरीज को भुगतना पड़ता था, परन्तु अब उक्त आधुनिक मशीन से जांच कुछ घंटों में मिल पाएगी और मरीज का इलाज तुरन्त प्रभाव से हो सकेगा। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि बीकानेर संभाग में पहली सबसे आधुनिक मशीन गुप्ता परिवार ने हनुमानगढ़ को उपलब्ध करवाई है। उक्त मशीन जोनसन एण्ड जोनसन की है, जो यूएसए से मंगवाई गई है। इस जांच मशीन के माध्यम से एक से दो सप्ताह बाद आने वाली रिपोर्ट अब कुछ... शेष पेज 9 पर

एक हजार कर्मचारियों को हटाएगी सरकार!

भजनलाल सरकार का निर्णय, गहलोत सरकार के दौरान नियुक्त हुए थे मनरेगा की सोशल ऑडिट करने के लिए कर्मचारी

जयपुर. गहलोत सरकार में मनरेगा की सोशल ऑडिट करने के लिए रखे गए 1 हजार कर्मचारी 30 जून के बाद से हट जाएंगे। राजस्थान में पंचायती राज विभाग के अधीन इनको साल 2020 में रखा गया था। इनका कॉन्ट्रैक्ट 30 जून को खत्म हो रहा है। कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने को लेकर भजनलाल सरकार ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। पंचायती राज विभाग के सचिव रवि जैन ने बताया-इन मानव संसाधन की सेवाएं अरावली संस्थान के माध्यम से ली जा रही थी। ये संस्था सरकार की योजनाओं के साथ पर्यावरण और सामाजिक सुधार के लिए आमजन और पिछड़े लोगों को जागरूक करने का काम करती है। सरकार ने अब इनकी सेवाएं आगे जारी नहीं रखने का फैसला किया है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 2020 में मनरेगा में सोशल ऑडिट के लिए पूरे ... शेष पेज 9 पर

ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थान

सोलर पार्कों की होगी स्थापना, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी मंजूरी

जयपुर। राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार त्वरित फैसले ले रही है। राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस एनर्जी स्टेट बनाने के संकल्प को शीघ्र पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने 4 सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्कों की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को कुल 4780 हैक्टेयर तथा फलौदी जिले में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को लगभग 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। बीकानेर जिले में एक-एक हजार मेगावाट के दो तथा 450 मेगावाट का एक सोलर पार्क स्थापित किया जायेंगा। पहले सोलर पार्क के लिए पूगल तहसील के ग्राम सूरासर में लगभग 1881 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। इसी तरह एक हजार मेगावाट के दूसरे सोलर पार्क के लिए दो हजार हैक्टेयर भूमि आवंटित की जायेंगी जिसमें से 1194 हैक्टेयर भूमि सूरासर तथा लगभग 807 हैक्टेयर भूमि ग्राम भणावतावाला में स्थित है। इसी प्रकार बीकानेर जिले में ही 450 मेगावाट के तीसरे सोलर पार्क की स्थापना हेतु छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम सरदारपुरा में 900 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। ये सोलर पार्क राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय (केन्द्र सरकार) की सौर पार्क योजना के अन्तर्गत 3 चरणों में विकसित किये जायेंगे। शर्मा ने इसके साथ ही एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को 500 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए फलौदी जिले की बाप तहसील में ग्राम भड़ला में 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय

है कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए गत 10 मार्च को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड एवं एनएलसी इंडिया लिमिटेड के मध्य 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाएं एवं 28,500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं संयुक्त उपक्रम के तहत स्थापित करने हेतु 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये एमओयू किये गये है। साथ ही प्रसारण तंत्र को सुदृढ करने के लिए पावरग्रिड कॉर्पोरेशन के साथ 26:74 शेयर धारिता के अनुपात में संयुक्त उपक्रम की स्थापना हेतु एमओयू किया गया जिसके तहत 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके अतिरिक्त राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली की आपूर्ति के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किये गये। 3200 मेगावाट कोल आधारित परियोजना, 8000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया माध्यम से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से लगभग 64 हजार करोड़ रूपये का निवेश हो सकेगा।

स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर होंगे सृजित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का हमारा संकल्प साकार होगा और ये प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। शर्मा ने कहा कि ये सोलर प्रोजेक्ट्स पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे और सालाना लगभग 2 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इन सोलर पार्क्स में अत्याधुनिक सौर पैनल्स और ग्रिड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा, जिससे ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में लगभग 10 हजार करोड़ का निवेश भी होगा। एमएनआरई अनुमोदित परियोजना होने से 33 प्रतिशत अनुदान मिलेगा तथा अगले दो वर्ष में पूरा किया जा सकेगा।

ड्रीम सिटी कॉलोनी में चोरी, नगदी और जेवरात समेत काफी सामान उड़ा ले गए चोर

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर घोटेवाला बालाजी मंदिर के नजदीक ड्रीम सिटी कॉलोनी में चोरी की एक वारदात हो गई।पुलिस के अनुसार यह घटना 13- 14 जून की रात को ड्रीम सिटी कॉलोनी निवासी राधेश्याम के मकान में हुई। राधेश्याम ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह 13 जून की रात को घर में ही सोया हुआ था।रात को कोई अज्ञात व्यक्ति घर में आया और दो मोबाइल फोन, लगभग आधा किलो चांदी और 10 ग्राम सोने के गहने,एक एलइडी टीवी, घड़ी ईयरफोन,पावर बैंक तथा 20 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गया। राधेश्याम के मुताबिक गहनों में चांदी की पाजेब,चूड़ियां,कड़े लॉकेट, चेन तथा सोने के गहनों में टॉप्स, कोके तथा अंगूठी शामिल है।उसके द्वारा कल रविवार को दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार के सुपुर्द की है। इस बीच कोतवाली इलाके में भी चोरी की एक

घटनाएं हुई हैं। पुलिस ने बताया कि यह वारदातें शिव चौक से नई धान मंडी मार्ग पर केनरा बैंक के समीप अभिमन्यु शर्मा (38) की किराना समेत तीन दुकानों में हुई हैं।अभिमन्यु शर्मा ने पुलिस को रिपोर्ट देते बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला है कि 14-15 जून की रात को अज्ञात व्यक्ति दुकान से 12 लीटर देसी घी,10 किलो सर्फ, चावल का एक कट्टा, 7 किलो चाय पत्ती तथा 900 रुपए नगद ले गया। उसके पास ही मुदित एग्रो इंटरप्राइजेज नाम की दुकान के भी ताले तोड़कर चोरी की गई है। इस दुकान से 20 ग्राम चांदी का सिक्का और 800 रुपए नगद चोरी हुए हैं। पास में ही एक चाय की दुकान के ताले भी उसी रात को टूटे हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। लगभग एक महीना पहले भी इसी रोड पर एक ही रात में तीन-चार दुकानों में चोरी हुई थी। चोरी करने वाले तब भी पकड़ में नहीं आए थे।

मोटरसाइकिल चुराने के आरोप में युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। जवाहरनगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि सिधु कॉलोनी निवासी विशाल नामक युवक की गिरफ्तारी की गई है। विगत 31 मई -1 जून की रात को सुखाड़िया शॉपिंग सेंटर में जुबिन नर्सिंग होम के पास से एक मोटर साइकिल चोरी हो गया था। मोटर साइकिल के मालिक गगनदीप सिंह निवासी सेक्टर नंबर 6 जवाहरनगर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गगनदीप ने बताया कि उसका दोस्त कमल शर्मा उसका मोटरसाइकिल मांग कर ले गया था,जिसने जुबिन हॉस्पिटल

के पास 31 मई की रात को खड़ा किया था। रात्रि 1:30 बजे वहां से मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल करते हुए विशाल को आज काबू कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी का मोटरसाइकिल भी बरामद हो गया है।

नव विवाहित युवक को पत्नी से झगड़ा होने पर ससुराल वालों ने घर से अगवा कर पीट-पीट कर घायल किया

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पदमपुर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहित युवक का पत्नी से झगड़ा हो जाने पर ससुराल परिवार के लोगों ने रात को अपहरण कर पीट-पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार अस्पताल में भर्ती रणजीतसिंह निवासी चक 24 बीबी (द्वितीय) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसकी मौसी सास के बेटे जगदीश उर्फ सींगा, उसके दोस्त गोरा तथा उनके साथ आए अन्य व्यक्तियों पर अपहरण कर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस को बयान देते रणजीतसिंह ने बताया कि उसकी शादी 3 महीने पहले परमिंदरकौर से हुई है। पिछले 20 दिनों से उसका परमिंदरकौर से झगड़ा चल रहा है। इस कारण उसकी पत्नी चक 4- जेजे में रह रही है।इसी कारण ससुराल वाले उससे रंजिश रखते हैं।रणजीतसिंह के मुताबिक परसों शनिवार को उसकी मां और पिता उसके फूफा के पास चक 7- डीडी चले गए।वह करणीसर काम से गया हुआ था,जहां से रात लगभग 9 बजे घर आकर सो गया। सुबह लगभग 4 बजे जगदीश उर्फ सींगा, उसका दोस्त गौरा तथा एक अन्य व्यक्ति लोहे की रोड एवं डंडे आदि हथियार लेकर घर में आए। उसे बुरी तरह से पीटा। जगदीश ने उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए। जब चक 26 बीबी के निकट हरदीप सिंह जटसिख की ढाणी के पास पहुंचे तो वह जोर-जोर से चिल्लाया। हरदीप सिंह का मजदूर नत्थूराम नायक भाग कर आ गया। तब जगदीश उसे वहां छोड़कर चला गया। गौरा ने थोड़ा आगे जाकर स्कूल के पास उसकी मोटरसाइकिल भी छोड़ दिया। पुलिस को रणजीतसिंह ने बताया है की पत्नी से अनबन होने के कारण ही उक्त लोगों ने रात को घर से अगवा कर उसे बुरी तरह से पीटा है। पुलिस के अनुसार रणजीतसिंह के सिर तथा दोनों पैरों पर चोटे लगी हैं। उसकी आंख के पास भी चोट के निशान हैं।मुकदमा धारा 458, 365, 323 और 34 में दर्ज किया गया है।जांच हवलदार मुकेश कुमार कर रहे हैं।

मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने आत्महत्या की

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने मानसिक परेशानी के चलते घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार कल रविवार सुबह सूचना मिली कि चक 3- सी (बड़ी) ओडकी में मनजीतसिंह नामक व्यक्ति ने अपने घर के एक कमरे में फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सीआई महेश कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर जांच पड़ताल करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भिजवाया गया।मृतक के बेटे वकील सिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार वकीलसिंह ने बताया है कि उसके पिता बीमारी के कारण मानसिक रूप से परेशान रहते थे। उन्होंने 15-16 जून की रात को किसी समय फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने कहा कि आत्महत्या के कारण की विस्तृत जांच की जा रही है।

हाकमाबाद के युवक की बारहमासी नहर में डूब जाने की आशंका

किनारे पर मिला मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय के समीप गंगा कैनाल की बारहमासी नहर में निकटवर्ती गांव हाकमाबाद के एक युवक के डूबने की आशंका है। सदर थाना में सब इंस्पेक्टर हंसराज ने बताया कि कल रात लगभग 11:30 बजे सूचना मिली कि एसएसबी रोड से आगे बारहमासी नहर पुल के समीप एक मोटरसाइकिल जूते की जोड़ी तथा एक मोबाइल फोन संदिग्ध अवस्था में लावारिस पड़ा है। इस सूचना पर सब इंस्पेक्टर हंसराज पुलिस कर्मियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे।वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि वह नहर के किनारे से जा रहा था, तब मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ा दिखाई दिया। पास जाने पर वही रखे हुए मोबाइल फोन पर लगातार घंटी बज रही थी। उसने कॉल अटेंड की तो पता चला कि गांव हकमाबाद से कोई व्यक्ति इस नंबर पर कॉल कर रहा था। सब इंस्पेक्टर के मुताबिक इसी नंबर पर कॉल बैक करने पर पता चला की मोटरसाइकिल, जूते की जोड़ी और मोबाइल फोन हाकमाबाद के जयपाल(24) नामक युवक का है। उसके परिवार वाले ही उसे बार-बार मोबाइल फोन पर कॉल कर रहे थे।कुछ भी देर में उसके परिवार वाले भी घटनास्थल पर आ गए। परिवार वालों से पता चला कि जयपाल का दादा श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में भर्ती है।जयपाल कल शाम को उसी से मिलने के लिए हॉस्पिटल जाने का कहकर गया था। इसके बाद जब वह देर रात तक वापस नहीं आया तो परिवार वाले उसके मोबाइल कॉल कर रहे थे। सब इंस्पेक्टर के मुताबिक घटनास्थल से नेतेवाला हैड तक जयपाल की तलाश की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आज शाम समाचार लेकर जाने तक जयपाल की तलाश जारी थी।उसका कोई सुराग नहीं लगा था। यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि कहीं जयपाल मोबाइल फोन, जूते की जोड़ी और मोटरसाइकिल नहर के किनारे छोड़कर कहीं खुद गायब तो नहीं हो गया है।

घडसाना थाना क्षेत्र में सड़क हादसों में बालक समेत दो की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में लगातार 2 दिन हुए दो सड़क हादसों में एक बालक समेत दो की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार 15-16 जून की रात को 11:30 बजे कूपाली मार्ग पर चौधरी धर्म कांटा के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस युवक की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई।मृतक की पहचान लीलाधर नायक (22) पुत्र राम प्रताप निवासी करणपुरा चक 5- डीडी तहसील पूगल जिला बीकानेर के रूप में हुई है।लीलाधर चक 3- डीडी अपने ससुराल आया हुआ था। वह शनिवार रात्रि 11:30 बजे मोटरसाइकिल पर करणपुरा जा रहा था।कूपाली रोड पर चौधरी धर्मकांटा के पास कोई वाहन उसके टक्कर मारकर भाग गया। मृतक के चचेरे भाई मांगीलाल नायक (20) निवासी चक 14 एमडी घड़साना द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले जीडी नहर पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से गौरु नामक एक बालक की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि गौरु अपनी मां गुरमीतकौर के साथ चक 3- जीडी से चक 4- एमएलडी जा रहा था।ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा परसों शनिवार शाम को हुआ। गुरमीतकौर के पति गुरमेल सिंह रायसिख (35) निवासी चक 15 -केएलडी थाना रावला द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरमेल सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी गुरमीतकौर कुछ दिनों से अपने पीहर चक 4- एमएलडी आयी हुई थी। वह परसों शनिवार शाम को बेटे गौरु को लेकर चक 3- जीडी से अपने पीहर चक 4- एमएलडी जा रही थी, तब यह दुर्घटना हो गई। पुलिस ने दोनों मर्तकों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिए।

अशोक ठाकुर लायंस मल्टीपल के जीएमटी चेयरपर्सन मनोनीत

श्रीगंगानगर,17 जून। लायंस इंटरनेशनल के पूर्व प्रांतपाल एवं मल्टीपल काउंसिल के पूर्व सचिव अशोक ठाकुर को अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा ग्लोबल मेम्बरशिप टीम का चेयरमैन मनोनीत किया है। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया अशोक ठाकुर का मनोनयन अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल एक्शन टीम के साथ एक संवैधानिक दायित्व है। अपनी इस नियुक्ति पर अशोक ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कार्यालय द्वारा दिए गए उत्तरदायित्व को वे बखूबी निभाते हुए सदस्य संख्या बढ़ाने का भरकस प्रयास करेंगे। कोशिश रहेगी कि कोई भी वर्तमान सदस्य क्लब छोड़कर नहीं जाए। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण नए सदस्यों को जोड़ेंगे। नए क्लबों का गठन भी किया जाएगा। मल्टीपल के सभी प्रांतों में क्लब स्तर तक नए श्रेष्ठ सदस्य जोड़ने के लिए प्रेरक संगोष्ठियों का आयोजन किया

जायेगा। उन्होंने कहा है कि हम 15 लाख सदस्यों के अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य को निश्चित ही पूरा कर पायेंगे। आशीष अरोड़ा ने बताया कि श्री ठाकुर 10 से 12 जुलाई तक बॉम्बे में आयोजित होने जा रहे जीएमटी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

श्रीगंगानगर में नशे की ओवरडोज से एक और युवक की मौत

वृद्ध आश्रम मार्ग पर खाली भूखंड में झाड़ियों में मृत मिला

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर में नशे से युवकों की मौत होने का सिलसिला निरंतर जारी है।एक और नशेड़ी युवक एक खाली भूखंड में झाड़ियों में मृत पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय सदर थाना पुलिस को कल रविवार दोपहर सूचना प्राप्त हुई कि वृद्ध आश्रम मार्ग पर एक खाली भूखंड में झाड़ियों में एक अज्ञात युवक मृत पड़ा है। मौके पर गए सब इंस्पेक्टर हंसराज ने बताया कि एक टैक्सी चालक झाड़ियों की तरफ लघुशंका से निवृत होने के लिए गया था।तब उसे लाश पड़ी दिखाई दी। उन्होंने बताया कि मृतक युवक की पहचान करणी मार्ग निवासी

पंकज (23) के रूप में हुई। उसकी मां सुखीदेवी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई।आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि पंकज चिट्टा समेत अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने का आदी था। श्रीगंगानगर में अब लगभग प्रतिदिन ही नशेड़ी युवकों की अत्यधिक डोज ले लेने से मौतें होना या नशे की लत से परेशान होकर खुदकुशी कर लेना आम होता जा रहा है। रोज कहीं ना कहीं इस तरह की मौत होने की सूचना मिल रही हैं।

सादुलशहर में 15 ग्राम हैरोइन सहित एक गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर में पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर हंसराज की टीम ने शनिवार रात को गदरखेड़ा गांव के नजदीक तिराहे पर नाकाबंदी और गश्त के दौरान मोटरसाइकिल पर संदिग्ध अवस्था में बैठे युवक रोहित अरोड़ा (32)निवासी वार्ड नंबर 25 सादुलशहर को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार रोहित अरोड़ा की तलाशी लेने पर 15 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पूछताछ की गई तो रोहित ने पंजाब के मलोट तहसील क्षेत्र के गांव श्यामखेड़ा निवासी गुरदेवसिंह नामक व्यक्ति से हैरोइन खरीद कर लाना बताया है। गुरदेवसिंह को भी रोहित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किए गए मुकदमे में नामजद किया है।आगे इस मामले की जांच मटीली राठान थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष बिश्नोई को दी गई है।

घडसाना में युवती के कब्जे से हैरोइन और प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद, गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवती को अवैध रूप से मादक पदार्थ हैरोइन तथा प्रतिबंधित कैप्सूल रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी श्रीमती कलावती चौधरी ने कल रविवार को कृष्णाबाई रायसिख (25) पत्नी गोपालसिंह निवासी घडसाना को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन तथा प्लास्टिक की एक थैली में प्रतिबंधित 1940 से प्रेगाबलीन कैप्सूल बरामद हुए।उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा सीआरपीसी की धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की आगे जांच रावला थाना में सब इंस्पेक्टर मोहनलाल को दी गई है।

बहनोई से मारपीट, 1.90 लाख छीन ले गए

श्रीगंगानगर। घमूडवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी से विवाद होने पर सालों पर घर में आकर मारपीट करने और 1लाख 90 हजार रुपए छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। घमूडवाली थाना पुलिस के अनुसार चक 83-एलएनपी निवासी अनिल बिश्नोई (36) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके सालों नरेश वह सुरेश तथा उनके साथ आए अरविंद उर्फ बलकारी आदि निवासी दूलपुरा तहसील सादुलशहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अनिल बिश्नोई ने बताया कि परसों शनिवार को घरेलू बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। तब नरेश और सुरेश ढाणी में आए और उसकी पत्नी को अपने साथ ले गए।जाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे गए। इसके बाद उसके साले नरेश और सुरेश तथा उक्त व्यक्ति कल रविवार सुबह 9-30 बजे उसकी ढाणी में आए। वह कमरे में सो रहा था।उसे लाठी-डंडों तथा लोहे की रोड से पीटा। बेड की दराज में रखें 1लाख 90 हजार रुपए उन्होंने निकाल लिए। उसने शोर मचाया तो चाचा के लड़के संजय कुमार तथा आदि ने आकर उसे छुड़वाया। उक्त लोग ऑल्टो कर में आए थे। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

होटल पर काम करने वाले बुजुर्ग की मौत

श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 62 पर एक होटल पर काम करने वाले बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर दिलीपसिंह ने बताया कि बीकानेर रोड पर फौजी मिडवे होटल पर पिछले 20-22 वर्षों से काम कर रहे हरबंस सिंह (64)की गत दिवस अचानक तबीयत खराब हो गई।उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि हरबंससिंह को दिल का दौरा पड़ गया था। वह मूल रूप से पंजाब के धर्मकोट थाना इलाके का निवासी था। हरबंस 2022 वर्षों से इसी होटल पर काम कर रहा था। जांच अधिकारी ने बताया कि हरबंससिंह की पुत्री से फोन पर बात हुई। वह गर्भवती है।उसने पोस्टमार्टम करवाने आने में असमर्थता व्यक्त कर दी। लिहाजा पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश होटल संचालक को सौंप दी। होटल संचालक द्वारा लाश को अंतिम संस्कार के लिए हरबंस सिंह के पैतृक गांव भिजवाया गया है।

कार में अवैध पोस्त लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

» 25 किलो अवैध पोस्त बरामद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर-बीकानेर रोड नेशनल हाईवे 62 पर राजियासर थाना पुलिस ने देर शाम को बीकानेर की ओर से कार में जा रहे एक युवक को काबू किया। उसकी कार में 24 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक जसवंतसिंह पुत्र महेंद्रसिंह पदमपुर का मूल निवासी है, जो कि फिलहाल पंजाब के फाजिल्का

जिले में वैरौकी थाना अंतर्गत डोगरांवाली गांव में रह रहा है। उसने हाईवे पर नाकाबंदी किए हुए पुलिस को देखकर अपनी कार मोड कर भाग जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया।राजियासर थाना में कल देर रात को एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच सूरतगढ़ सिटी थाना में सब इंस्पेक्टर दिलीपसिंह के सुपुर्द कर दी गई। जांच अधिकारी एसआई दिलीपसिंह ने बताया कि जसवंतसिंह जोधपुर जिले के ओसियां इलाके में किसी से अवैध रूप से पोस्त लेकर अपने वर्तमान गांव डोगरांवाली जा रहा था। जसवंतसिंह पर इससे पहले भी एनडीपीएस एक्ट का एक मामला दर्ज है।उससे बरामद पोस्त के बारे में पूछताछ की जा रही है। जिस कार में वह पोस्त की तस्करी कर रहा था,वह कार उसी के नाम से है जो उसने ईएमआई पर ले रखी है।

टीटी द्वारा अवगत करवाने पर जल संसाधन मंत्री गंग नहर में पानी बढ़वाने के लिए सक्रिय हुए

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पूर्व मंत्री सुरेंद्रपालसिंह टीटी ने आज जयपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से गंगनहर में पानी की किल्लत की समस्या के समाधान की मांग को लेकर मुलाकात की। श्री टीटी ने उनको बताया कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी)की बैठक में गंगनहर को जून माह में 2500 क्यूसेक पानी देना तय किया हुआ है लेकिन पंजाब का हैड वर्कस नियंत्रण होने के कारण पंजाब अपनी नहरों ईस्टर्न कैनाल समेत अन्य नहरों में पानी निर्धारित मात्रा से ज़्यादा छोड़ रहा है। गंगनहर में खखां हैड पर मात्र 1250 क्यूसेक की पानी आ रहा है, जो निर्धारित शेयर का आधा है। इस कारण गंगनहर की अधिकांश नहरें बंद

पड़ी है। गंग नहर के किसानों की फसल बिजाई में देरी और खड़ी फसलों को सिंचाई के लिए पूरा पानी ना मिलने जैसी समस्या मंत्री को बताई। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने आज छुट्टी होने बावजूद सचिवालय में बैठक बुलायी। सचिव को निर्देश दिए कि वे पंजाब के मुख्य सचिव से बात कर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाए हैं। जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने फोन से मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ अमरजीत सिंह मेहरडा व अधीक्षण अभियंता धीरज चावला जी से बात की।उन्हें निर्देश दिये कि वे पंजाब में जाकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराएं।

एक पखवाड़े बाद ग्रामीणों के संघर्ष की हुई जीत

- रामपुरा उर्फ रामसरा गांव में निर्माणाधीन डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन की नींव तोड़ने के मामले में फिर से यथावत शुरु होगा निर्माण कार्य, जनप्रतिनिधियों ने धरनार्थियों को माला पहनाकर व ज्यूस पीलाकर धरना उठवाया

तेज | रिपोर्टर टिब्बी

क्षेत्र के रामपुरा उर्फ रामसरा गांव निर्माणधीन डा. अंबेडकर सामुदायिक भवन की नींव तोड़ने के बाद बना गतिरोध एक पखवाड़े बाद आखिरकार सोमवार को दोनों पक्षों में हुए समझौता वार्ता के खत्म हो गया है। आक्रोशित ग्रामीणों का चल रहा धरना स्थल पर भूतपूर्व सरपंच मोहनलाल भाटीवाल, गोपाल स्वामी, गंगाराम चिनिया,सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण खटावलिया,आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिलाध्यक्ष रेवंतराम मेघवाल, रामकुमार भुलण्डिया आदि की मौजूदगी में धरनार्थियों को माला पहनाकर व ज्यूस पीलाकर धरना खत्म करवाया गया।इस मौके पर धरनार्थियों ने कहा कि आखिरकार एक पखवाड़े बाद ग्रामीणों के संघर्ष की जीत हुई इसके लिए सर्व समाज के लोगों को आभार व्यक्त किया जिन्होंने ने धरना प्रदर्शन में दिन-रात सहयोग प्रदान किया। सरपंच भागवंती देवी ने धरनार्थियों को लिखित में डा.अंबेडकर सामुदायिक भवन का कार्य सहमति से यथावत शीघ्र शुरु करवाने का आश्वासन दिया। दोनों पक्षों में सहमति के बाद धरना स्थल पर खुशी का इजहार किया गया। मिठाई बांटकर मुंह मीठा करवाया गया। जय जय भीम और बाबा साहब डॉ अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए गए। इस धरना प्रदर्शन को आज़ाद समाज पार्टी ने खुलकर समर्थन किया था और सोमवार को मामले में कार्रवाई नहीं होने पर तलवाड़ा झील थाने के समझ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी लेकिन धरना प्रदर्शन से पहले ही जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर पर सुलह कर ली। ग्रामीणों ने आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष रेवंतराम मेघवाल का माला पहनाकर सम्मान किया। ग्रामीणों ने मीडिया का आभार जताया और कहा कि मिडिया ने अपना पत्रकारिता धर्म निभाते हुए मामले को लगातार हाईलाइट कर प्रशासन तक ग्रामीणों की मांग पहुंचाई। गौरतलब है कि रामपुरा उर्फ रामसरा गांव में निर्माणाधीन डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन की नींव तोड़ने के बाद एक पखवाड़े पहले आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। ग्रामीणों का कथित आरोप था कि छह माह पूर्व सरपंच व उप सरपंच व डायरेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी में भवन की नींव रखी गई थी। नींव व किल्ट लेवल तक काम पूरा होने के बावजूद रविवार के छुट्टी के दिन निर्माण कार्य ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कलेक्ट्रेट के समक्ष प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले से अवगत करवाया। और संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग करते हुए निर्माण कार्य यथावत शुरु करवाने की मांग रखी। इस अवसर पर सोहनलाल मर्वा, कालूराम मर्वा, मदन मर्वा पंच,अमरसिंह वाल्मीकि, ओमप्रकाश वाल्मीकि, हरिराम चिनिया, गिरधारी टाक, हाकमसिंह लखेसर, सत्यनारायण चारण, मंगेज गोदारा, पालाराम हालु, मनीराम मर्वा, दयाराम गोदारा, कमलेश आलड़िया, बंशी मर्वा, कृष्ण खटावलिया, बलवीर सिंह, जगपाल, कालूराम सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

कॅरिअर बनाने का सशक्त माध्यम है क्रिकेट, संघ के प्रयास सराहनीय

- जिला क्रिकेट संघ का प्रतिभा खोज शिविर सम्पन्न, 150 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जिला क्लब मैदान में चल रहे हनुमानगढ़ तहसील के दो दिवसीय क्रिकेट प्रतिभा खोज शिविर का समापन सोमवार को हुआ। शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेबी हैप्पी एज्यूकेशन ग्रुप के चेयरमैन आशीष विजय, शिक्षाविद् दारासिंह थे। अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आशीष विजय ने कहा कि जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उनको तलाशने और तराशने की जरूरत है। जिला क्रिकेट संघ का यह आयोजन ऐसी प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आशीष विजय ने कहा कि क्रिकेट अब सिर्फ खेल नहीं है बल्कि कॅरिअर बनाने का सशक्त माध्यम है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को खेल की तरफ प्रेरित करें। उन्होंने जिला क्रिकेट संघ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि शिविर में चयनित खिलाड़ी आगे चलकर जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि डीसीए की कोशिश है कि जिले की प्रतिभाओं को उचित मंच मिले। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में आयोजित प्रतिभा खोज शिविरों में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें से करीब 150 से अधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों के लिए दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उसमें कोच नवेंदु त्यागी सेवाएं देंगे। संघ सचिव अर्जुन बेनीवाल ने बताया कि भादरा, संगरिया, पीलीबंगा व हनुमानगढ़ में प्रतिभा खोज शिविर का आयोजन किया जा चुका है। पूरे जिले से खिलाड़ी शिविर में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। शिविर में चयनकर्ता की भूमिका नवीन जोइया, मोहन सिंह, सुनील गोदारा, मनसुख, संजय चौहान, विक्रम सिंह ने निभाई। अतिथियों ने चयनकर्ताओं के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सतनाम सिंह, पवनप्रीत व सिद्धांत ढाका को सम्मानित किया।

बहलोलनगरः बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। गांव बहलोलनगर में अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन व अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक हुई। बैठक में भीषण गर्मी में बिजली कटौती व पेयजल किल्लत पर चर्चा की गई। संगठन के गोपाल व प्रहलाद ने चेतावनी दी कि संबंधित विभागों की ओर से इन समस्याओं का जल्द हल नहीं निकाला गया तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मक्खनसिंह, बग्गासिंह, मनीराम, कृष्ण, धर्मचन्द, रतीराम, आत्माराम, नेतराम, भागीरथ, चेतराम, विनोद मूंड, गोपीराम, विनोद सारसर, संजू, रणवीर, राजकुमार, विजय, इकबाल सिंह, मदन, जस्सासिंह, योगेश कुमार, महावीर, जगराम आदि मौजूद थे।

छबील लगाकर पिलाया आम रस

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में टाउन में गोशाला के पीछे कॉलेज रोड पर सोमवार को महेंद्र सिंह शेखावत की स्मृति में उनके परिवार की ओर से आम के रस व शरबत की छबील लगाई गई। काफी तादाद में राहगीरों ने छबील में आम रस व शरबत पानी पीकर तपती गर्मी में प्यास बुझाई। छबील में बलवीर सिंह शेखावत, गोरा नागपाल, देवेन्द्र पारीक, शुभेन्द्र सिंह, नरेंद्र कलसी, मैनपाल, लवकुश आदि ने सेवाएं दी।

विद्युत तार चोरी, नामजद मुकदमा दर्ज

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। विद्युत तार चोरी करने के आरोप में पल्लू पुलिस थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पल्लू के तकनीशियन रशीद मोहम्मद (35) पुत्र मौषमदीन निवासी वार्ड 2, अनूपशहर पीएस भादरा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि आंधी-तूफान में गुलाबगढ़ मोटेर विद्युत लाइन पोल गिरने के कारण लाइन के जम्प खोल दिए गए थे। लाइन सही करने के लिए जब टीम पहुंची तो करीबन 500 मीटर लाइन चोरी होना पाया गया। आस-पास पता करने पर मालूम हुआ कि रात्रि को मुकेश पुत्र मंगतूराम सोनी निवासी मोटेर की ओर से लाइन चोरी की गई है। पुलिस ने मुकेश कुमार के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल मुकेश कुमार के सुपुर्द की है।

अरोड़वंश युवा मण्डल की एक विशेष बैठक 21 जून को

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। अरोड़वंश युवा मण्डल की एक विशेष बैठक 21 जून को होगी। प्रवक्ता आर्यन अरोड़ा ने बताया कि बैठक में आगामी सामाजिक कार्यों में संघ की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं भविष्य की रणनीति आदि पर विचार विमर्श कर संगठन मजबूती एवं अन्य कार्यों पर चर्चा होगी। बैठक में युवा मंडल के एजेंडे एवम आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी निर्णय लिया जाएगा।बैठक का समय इस शुक्रवार सायं 7.30 बजे से रहेगा।मीटिंग श्रीं अरोड़वंश धर्मशाला के बड़े हॉल में कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों की अगुवाई में होगी।

स्वास्थ्य केंद्रों का हुआ औचक निरीक्षण

- मुख्यमंत्री व कलक्टर के निर्देशों पर किया गया निरीक्षण, जांची स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

आमजन को स्वास्थ्य केंद्रों में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं को परखने के लिए सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकांश जगहों पर व्यवस्थाएं सुचारू मिली और सटाफ ड्यूटी पर मिला। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को सुदृढ करने के उद्देश्य से सोमवार अलसुबह निरीक्षण का चिकित्सकों एवं स्टाफ की समय पर उपस्थिति जांची। साथ ही आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में जिलास्तरीय अधिकारियों एवं जिले के सभी बीसीएमओ, बीपीएम व अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कोई कमी न हो। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने श्रीकरणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं केसरीसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां स्टाफ मौजूद मिला एवं सफाई व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। आमजन से फीडबैक लिया गया, जिसमें उन्होंने स्टाफ के प्रति सकारात्मक जवाब दिया एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण के दौरान समय पर उपस्थिति, जांचों एवं दवाईयों की उपलब्धता, मरीजों को दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, साफ-सफाई एवं क्षेत्र में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई के बारे में व्यवस्थाएं जांची जा रही है। वहीं मौसमी बीमारियों को लेकर की जा रही एंटी लार्वा गतिविधियां भी देखी गई।

नगरपालिका अध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

नगरपालिका अध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव को लेकर, कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक विनोद गोठवाल आवास पर सोमवार को विशेष बैठक हुई।बैठक में ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने बताया कि मंगलवार को पालिकाध्यक्ष के विरुद्ध विश्वास को लेकर फ्लोर टेस्ट होना है, इस संबंध में हमने विधायक विनोद गोठवाल के आवास पर बैठक बुलाई व विचार विमर्श किया है। हमारे पास बहुमत है, कांग्रेस के पार्षद व अन्य पार्षद हमारे सम्पर्क में हैं, अविश्वास प्रस्ताव पास नहीं होगा और नगरपालिका अध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा ही रहेंगे।कांग्रेस पार्टी के पार्षद पार्टी के प्रति समर्पित हैं, उन्होंने हमें विश्वास दिलाया है कि हम सब पार्टी के विरुद्ध नहीं जाएँगे। इस मौके पर विधायक विनोद गोठवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा, जिला महासचिव जगदीश राठौड़, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवीर सिंह सिद्धू, ज़िला परिषद सदस्य अमनदीप सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम जाखड, पूर्व डायरेक्टर जगजीत सिंह संरा, नत्थुराम बेनीवाल, नरसी जाखड, प्रकाश दयोल, वरिष्ठ कांग्रेसी ओम भादू, भुपेंद्र बराड, ट्विंकल गिल आदि मौजूद थे।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश की अंतिम तिथि 19 जून

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

राजकीय कन्या महाविद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 जून तक है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी शिशुपाल ने बताया कि महाविद्यालय में नाममात्र के शुल्क राशि से छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है, इस सरकारी कॉलेज में 160 सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 24 जून होगा, जिसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा मूल दस्तावेजों के सत्यापन एवं ईमित्र पर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून निर्धारित है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 28 जून को किया जाएगा।इसके अलावा महाविद्यालय में अल्प आय वर्ग एवं मेधावी छात्राओं को कई प्रकार की छात्रवृत्ति योजना एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना का भी पात्रता के अनुसार लाभ मिलेगा। संचालित है। ऑनलाइन आवेदन करने में फोटो एवं हस्ताक्षर के साथ कक्षा 10,12 मूल अंकतालिका जाति एवम मूल निवास प्रमाण पत्र, टीसी, चरित्र, आय प्रमाण पत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, आधार, जन आधार कार्ड, बैंक पास बुक आदि दस्तावेज आवश्यक है।ऑनलाइन आवेदन से सम्बंधित वेबसाइट dceapp.rajasthan.gov.in पर होगा।

ताश के पत्तों पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

- मुखबिर की सूचना पर जंक्शन थाना पुलिस की कार्रवाई

तेज. हनुमानगढ़। जंक्शन थाना पुलिस ने दो केएनजे में अण्डरपास के पास ताश के पत्तों पर जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जुआ रकम बरामद की है। जानकारी के अनुसार हैड कांस्टेबल लायक सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम दोपहर बाद थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम चुंगी नम्बर आठ के पास पहुंची तो मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो केएनजे अण्डरपास व रेलवे लाइन के पास कुछ व्यक्ति रुपयों का दांव लगाकर ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पर पुलिस टीम दो केएनजे अण्डर पास के पास पहुंची तो एक पेड़ के नीचे तीन व्यक्ति ताश के पत्तों पर जुआ खेलते नजर आए। पुलिस जवानों ने मौके से भागने का प्रयास करने पर तीनों व्यक्तियों को काबू कर नाम-पता पूछा तो उनकी पहचान सन्दीपसिंह (42) पुत्र मिठनसिंह निवासी वार्ड 14, ढिल्लों कॉलोनी, रेलवे ओवरब्रिज के पास, जंक्शन, मंगूसिंह (44) पुत्र गुन्दर सिंह निवासी वार्ड 13, दुर्गा कॉलोनी, जंक्शन व देवेन्द्र कुमार (33) पुत्र रमेश कुमार खत्री निवासी मानकसर, 13 एफएफ, पीएस श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर हाल आरएचबी कॉलोनी, जंक्शन के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से ताश के 52 पत्तों के अलावा कुल 1240 रुपए की जुआ रकम बरामद हुई। पुलिस ने चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आरपीजीओ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। तफ्तीश एएसआई जयसिंह कर रहे हैं। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल लायक सिंह, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र व मेजर सिंह शामिल रहे।

विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव, दो दिन के आश्वासन पर ग्रामीण माने

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

नरसिंहपुरा ग्राम की एक लड़की के लापता होने के एक सप्ताह बीतने पर भी बरामदगी नही होने से रोषित परिजनों एवम विश्व हिन्दू परिषद के सानिध्य में सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन किया।थाना प्रभारी सतीश चौहान के 48 घंटे में लड़की बरामद करने के आश्वासन पर लोगों ने प्रदर्शन बंद किया। विश्व हिन्दू परिषद के धर्मप्रसार प्रमुख इंद्रजीत नांदीवाल ने बताया कि केंचिया चौकी क्षेत्र की बेटी को एक धर्म विशेष के युवक द्वारा लवजिहाद का शिकार बनाकर योजनाबद्ध तरीके से किसी जगह ले जाया गया है,जिसके बाद संघठन कार्यकर्ताओ व पीड़ित परिवार के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया।इसके बाद गोलूवाला एसएचओ रमेश पन्नू व चौकी प्रभारी सतीश चौहान से वार्ता हुई। अब तक कार्रवाई नहीं होने पर रोष जताते हुए कार्यकर्ताओ ने पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसएचओ रमेश पन्नू ने दो दिन में पुलिस द्वारा लड़की को सकुशल बरामद करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद संघठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को अंतिम दो दिन का समय देते हुए प्रस्तावित चक्काजाम रद्द कर दिया। इसके अलावा वहाँ मौजूद ग्रामीणों ने भी पुलिस को समय समय पर बसों का निरीक्षण करने का आग्रह किया। इस मौके पर हिन्दू जागरण मंच जिला सयोंजक बृजमोहन, संघ के वरिष्ठ कान्हाराम भुंवाल, राहुल सहारण, हंसराज भुंवाल, राजेन्द्र मांझू, पारस विश्नोई, संजय अठवाल, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राजेश डेलू, जिला सम्पर्क प्रमुख पवन सोनी, पीलीबंगा से प्रमोद मावर, रवि कुमार,सुनील भाटी, खोथावाली से जीत वर्मा, सुभाष वर्मा, ढाबा से आदराम, पालाराम सहारन सहित गणेशगढ़, बिंझबायला, मांझूवास आदि गांवों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मोजूद रहे।

विद्यार्थी जीवन की शिक्षा ही जीवन की दिशा और दशा तय करता हैः ब्रह्मा कुमारी रानी

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

विद्यार्थी जीवन की शिक्षा ही जीवन की दिशा और दशा तय करता है, इसलिए किताबी ज्ञान के अलावा बच्चों में व्यावहारिक क्षमता का होना भी आवश्यक है! यह बात रविवार शाम को कस्बे की सद्भावना भवन में आयोजित आज का विद्यार्थी और शिक्षा कार्यक्रम कैंप में ब्रह्मा कुमारी रानी दीदी ने कही।कैम्प का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुया।तत्पश्चात राजयोगिनी बी.के.रानी दीदी ने बताया कि आज बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ साथ नैतिकता एवं आध्यात्मिकता की पढ़ाई की भी आवश्यकता है। प्रत्येक बालक बालिका का संपूर्ण मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास होना आवश्यक है। मानसिक स्थिति श्रेष्ठ और विचार शुद्ध बने शरीर स्वस्थ और शक्तिशाली बने इसी को ध्यान में रख कर योग ध्यान, ज्ञान वर्धक कहानियां, एकग्रता, रचनात्मकता बढ़ाने के लिए कई प्रतियोगिताओं एवम रोचक ज्ञानवर्धक मनोरंजन के खेलों को जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में सभी बच्चो को राजयोग ध्यान के बारे में बताया और उसका अभ्यास भी बच्चो को कराया जिससे बच्चो की एकाग्रता बढ़ेगी। शिविर में बी.के.ज्योति बहन ने बच्चों को इनडोर एक्टिविटी करावा कर बहुत ही अच्छी जीवन उपयोगी बातें बच्चों को बताई। मन, बुद्धि, संस्कार और मस्तिष्क की कार्य प्रणाली के बारे में बताया कि हमारा मन सोचता है, बुद्धि उस पर निर्णय करती है मन और बुद्धि के द्वारा हम जो कर्म करते है वह हमारी आदत बन जाती है इसलिए हमें सदैव सकारात्मक ही सोचना चाहिए,इसके साथ ही ध्यान करने से होने वाले फायदे बताते हुए अपनी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने पर जोर दिया। आयोजित एक्टिविटीज में भाग लेने वाले बच्चों को ईश्वरीय सौगात दी गई।

अधिशेष शिक्षकों को निकटतम विद्यालयों में पद स्थापित करने की मांग

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षा संघ शेखावत जिला शाखा ने अधिशेष शिक्षकों को उनकी इच्छा अनुसार काउंसलिंग से निकटतम विद्यालयों में पद स्थापित करने की मांग राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से की है ।संगठन के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल व जिला मंत्री राम निवास ने बताया किगत वर्षो मेंर राज्य सरकार द्वाराप्रदेश में सामान्य स्कूलों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूलों में रूपांतरित करनेतथा उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्कूलों में कम्रोन्नत करने सेलगभग 25000 शिक्षक अधिशेष हो गए। नवंबर 2022 से ये शिक्षक अपने स्थाई पद स्थापन का इंतजार कर रहे हैंपरंतु सरकार द्वारा इन्हें सिर्फआश्वासन ही दिया जा रहा हैइससे ये शिक्षक तनाव में हैं। इनका वेतन अपने विद्यालयों सेनहीं उठ पा रहा है और अन्य विद्यालयों में वेतन व्यवस्थासे वेतन उठाना पड़ रहा है जिसमें कई बार वेतनमें देरी भी होती है और इन्हे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है ।दूसरी ओर सरकार द्वारा नई भर्तियों में रिक्त पद भरे जा रहे हैं जो इन अधिशेष शिक्षकों की चिंता को और बढ़ा रहे हैं ।शिक्षक उपलब्ध होने के बावजूद स्कूलों मेंपदों के रिक्त रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ।सरकार द्वारा शीघ्र इनके पदस्थापन की बात की जा रही हैपरंतु इनका इंतजार खत्म होने को नहीं आ रहा। बंसल ने बताया कि अब तो प्रांत में लोक सभा चुनाव सम्पन हो गये हैं आचार संहिता भी समाप्त हो चुकी है। अतः संगठन की मांग है कि इन शिक्षकों कोउनकी इच्छा अनुसार निकटतम विद्यालयों में शीघ्र पद स्थापित किया जावे।



विजय सेतुपति ने बांधे शाहरुख की तारीफों के पुल

शाहरुख खान और विजय सेतुपति ने 2023 में रिलीज होने वाली फिल्म जवान में एक-साथ स्क्रीन शेयर की थी। दोनों स्टार्स ने अपनी स्क्रीन प्रेजेंस और एक्शन सीन्स से दर्शकों को दीवाना बना दिया। जहां दर्शकों ने उन्हें बड़े पर्दे पर देखने का लुत्फ उठाया, वहीं सेलेब्स ने साथ काम करके भी खूब मस्ती की। अब हाल ही में, अभिनेता विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की तारीफों के पुल बांधे हैं और उन्हें बेहतरीन कहानीकार भी कहा है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है। एटली कुमार की जवान में शाहरुख खान और विजय सेतुपति के साथ काम करने की घोषणा ने ही उनके प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया था। इसलिए, जब फिल्म रिलीज हुई, तो इस जोड़ी को देश भर के सिनेमा प्रेमियों से अपार प्यार मिला। हाल ही में, अभिनेता विजय सेतुपति ने एक साक्षात्कार में थे शाहरुख की प्रभावशाली आवाज और बहुमुखी दिमाग की प्रशंसा की। विजय ने तमिल में कहा, मैं शाहरुख खान की आवाज सुनकर हैरान हूं। वह एक बेहतरीन कहानीकार हैं। उनका दिमाग बहुत बहुमुखी है। मैंने उनसे एक साक्षात्कार में कहा था कि वह एक स्टार की तुलना में एक व्यक्ति के रूप में अधिक आकर्षक हैं। इससे पहले उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि शाहरुख का एनर्जी लेवल कभी कम नहीं होता। उन्होंने बताया, मैं हर किसी से कुछ न कुछ सीखता हूं। शाहरुख खान से मैंने जो सीखा है, वह यह है कि उनका एनर्जी लेवल कभी कम नहीं होता। एक दिन, शूटिंग के दौरान, वह अस्वस्थ थे, लेकिन आप यह तब तक नहीं समझ सकते, जब तक कि वह आपको न बताएं। यह उनका एक अलग गुण है। निर्देशक एटली ने जवान के साथ हिंदी फिल्म जगत में डेब्यू किया।

नागवधू-एक जहरीली कहानी में नजर आएंगी पोलोमी दास

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने पौराशपुर, नागिन 6 और बारिश जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही नागवधू-एक जहरीली कहानी में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है।

एक्ट्रेस ने कहा, शो में आप देख पाएंगे कि सनवरी अपनी जिंदगी के बुरे दौर से कैसे उबरती है। यह सीरीज एक महिला की यात्रा और उसके भीतर के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने नागवधू के डायरेक्टर जीतू के साथ अपनी अच्छी बॉन्डिंग के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह उनके साथ पहले भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, जब आप जीतू जैसे अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करते हैं, तो सेट पर सब कुछ आसान हो जाता है। कुछ सीन ऐसे होते हैं जिनमें सावधानी बरतनी पड़ती है। हमें इसे खूबसूरती से शूट करना चाहिए, न कि अश्लील तरीके से। हमारे डायरेक्टर ने इसे ठीक से किया है और सुनिश्चित किया है कि हम सेट पर कंफर्टेबल रहें। नागवधू-एक जहरीली कहानी सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है। सीरीज में सुबुही जोशी ने आभा का रोल निभाया है। यह 21 जून को ऑल्ट पर रिलीज होगी। पोलोमी ने 2016 में इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल से करियर की शुरुआत की थीं। इसमें वह फाइनलिस्ट रहीं। 2016 में ही वह टीवी शो सुहानी सी एक लड़की के लिए चुनी गई और इसमें उनके काम को काफी सराहा गया। इसके बाद वह दिल ही तो है, अघोरी, जहानाबाद- ऑफ लव एंड वॉर, कार्तिक पूर्णिमा, बारिश और बेकाबू 2 में नजर आई। पोलोमी को टीवी की प्रियंका चोपड़ा कहा जाता है। उनकी सूरत काफी हद तक प्रियंका चोपड़ा से मिलती है, इसलिए उन्हें उनके फैंस प्रियंका चोपड़ा की हमशक्ल कहते हैं।

विजय वर्मा स्टारर मटका किंग के लिए एक्साइटेड और नर्वस हैं सई

मराठी और बॉलीवुड एक्ट्रेस सई ताम्हणकर इन दिनों विजय वर्मा स्टारर मटका किंग को लेकर काफी चर्चाओं में है। इसे नागराज मंजुले डायरेक्ट कर रहे हैं। सई ने कहा, नागराज मंजुले के साथ काम करना मेरी विश लिस्ट में था। मैंने कई इंटरव्यू और सोशल मीडिया पर इस बारे में भी कई बार बात की है। मैं उनके साथ काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड और नर्वस हूं। सई ने कहा, यह अमेजन प्राइम की एक वेब सीरीज है, जिसमें विजय भी शामिल हैं। मुझे इसमें उनके जैसे बेहतरीन एक्टर के साथ काम करने का मौका मिलेगा। अभी, मैं अपने किरदार के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती, लेकिन कुल मिलाकर यह मेरी जिंदगी का सबसे रोमांचक किरदार होगा। मटका किंग में कृतिका कामरा, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार अहम रोल में हैं। मटका किंग की कहानी 1960 के दशक की है, जिसमें एक कपास व्यापारी मटका नामक एक नया जुआ खेल शुरू करता है। यह खेल शहर में तूफान मचा देता है। यह खेल पहले सिर्फ अमीरों और अभिजात वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन अब हर वर्ग के लोग जुड़ जाते हैं। रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और नागराज मंजुले के साथ गार्गी कुलकर्णी, आशीष आर्यन और अश्विनी सिदवानी द्वारा निर्मित इस सीरीज का निर्देशन नागराज ने किया है और मंजुले के साथ अभय कोरानने ने इसे लिखा है। फिलहाल यह फिल्म प्रोडक्शन स्टेज में है और इसे प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए। वह कबड्डी प्लेयर रह चुकी हैं। वह दुनियादारी, सौ शशि देवधर, पोस्टकार्ड और क्लासमेट्स जैसी शानदार फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज डेट टली

अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2- द रूल की रिलीज डेट टल गई है। अब यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। ट्रैक टॉलीवुड के अनुसार, कुछ पोस्ट-प्रोडक्शन कार्यों की वजह से फिल्म की रिलीज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। फिल्म के एडिटर कार्तिक श्रीनिवास ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया है।सूत्रों का कहना है कि डायरेक्टर सुकुमार वीएफएक्स के कारण फिल्म के कुछ हिस्सों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। बेहतर क्वालिटी के लिए उन्हें दोबारा शूट करना चाहते हैं। हालांकि, फिल्म निर्माता की ओर से फिल्म की रिलीज टालने पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अब इसके दिवाली के दौरान रिलीज होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, पुष्पा 2 की रिलीज डेट टलने की खबरों के बीच, हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्मों के निर्माता अब अपनी फिल्मों की रिलीज डेट 15 अगस्त तय कर रहे हैं।

ओटीटी को खतरा मानते हैं सुधीर बाबू

दक्षिण भारतीय अभिनेता सुधीर बाबू जल्द ही हरोम हारा फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म को रिलीज होने में केवल एक दिन बचा है। इसे 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पिछले कई दिनों से सुधीर बाबू इसके प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने एक प्रचार कार्यक्रम में ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। रिपोर्ट के मुताबिक, सुधीर बाबू ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी चिंता जाहिर की है। वो ओटीटी को फिल्म इंडस्ट्री के लिए खतरे के तौर पर देखते हैं। सुधीर बाबू का मानना है कि ओटीटी की वजह से फिल्मों की थिएटर में होने वाली कमाई पर असर पड़ता है। इसलिए इस दिशा में कुछ नियम लागू करने चाहिए। सुधीर बाबू ने कहा कि थिएटर में फिल्मों को ज्यादा दिनों तक चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से फिल्म निर्माताओं को अच्छी डील मिल जाती है। इसके चलते बहुत कम समय में ही फिल्में ओटीटी पर रिलीज हो जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ फिल्मों के साथ तो ऐसा होता है कि महज दो या तीन हफ्तों के बाद ही वो ओटीटी पर आ जाती हैं। सुधीर ने आगे कहा कि इस बात को समझना चाहिए कि यह एक खेल की तरह है। आने वाले दिनों में ओटीटी प्लेटफॉर्म अपनी शर्तें तय कर सकते हैं।

मेरी फैमिली की बिग बॉस मेरी पत्नी सुनीता हैं

बिग बॉस के फैंस बेसब्री से शो के ओटीटी सीजन 3 का इंतजार कर रहे हैं। इस बार सब कुछ बदलने वाला है। सलमान खान की जगह अब अनिल कपूर कमान संभालेंगे। जब एक्टर से उनके परिवार के बिग बॉस के बारे में पूछा गया तो, उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सुनीता ही कपूर फैमिली की बिग बॉस हैं। कपूर फैमिली में बिग बॉस के बारे में बात करते हुए अनिल ने कहा, मेरी पत्नी सुनीता कपूर फैमिली में बिग बॉस की तरह हैं। मेकर्स ने अपकिंग सीजन में एक नई टैगलाइन अब सब बदलेगा के जरिए बदलाव का वादा किया है। इस पर बात करते हुए कि ऑडियंस इस सीजन से क्या उम्मीद कर सकते हैं, अनिल कपूर ने कहा, बिग बॉस का मतलब है असली एंटरटेनमेंट, ओटीटी का यह सीजन बहुत ही रियल, अनफिल्टर्ड और मजेदार होगा। बिग ओटीटी 3 21 जून से जियोसिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीम होने वाला है।





शर्मिन सहगल के समर्थन में फिर आए ताहा शाह

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म में शर्मिन सहगल के अभिनय प्रदर्शन के लिए उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। सीरीज के रिलीज होने के बाद से ही अभिनेत्री लगातार ओलचनाओं का शिकार हो रही हैं। ताहा शाह बदुशा हाल ही में शर्मिन के समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग शर्मिन सहगल के प्रति नरम रुख अपनाएं। हीरामंडी के आने के बाद से ही शर्मिन मीम्स का विषय बन गई हैं। ताहा शाह ने हाल ही में एक बातचीत में हीरामंडी की स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से जानने के लिए शर्मिन सहगल की सराहना की। यहां तक कि वह इसमें खामियों को भी नोटिस करने में सक्षम थीं। ताहा ने कहा कि शर्मिन का करियर सिर्फ एक फिल्म पुराना है। उसे इतनी दृढ़ता से आंकना ठीक नहीं है। सीरीज में शर्मिन और ताहा रोमांस करते हुए नजर आए थे। शर्मिन की उनकी अदाकारी के लिए जहां इतना ट्रोल किया जा रहा है। वहीं, ताहा को सीरीज में उनके प्रदर्शन के लिए खूब तारीफ मिली। अभिनेता ने कहा, जब हम स्क्रिप्ट पर चर्चा करेंगे, तो वह वास्तव में उस चीज का सटीक स्पष्टीकरण देने में सक्षम होगीं, जो वहां नहीं होनी चाहिए। वह शुरुआत में भंसाली की एडी थीं। उन्होंने पहले मलाल की और फिर इसमें आ गई। वह उनके काम करने की प्रक्रिया जानती हैं और पूरी स्क्रिप्ट भी पढ़ती हैं। मैंने उन्हें हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखा है। इसलिए मैं विनती करूंगा कि लोग उन्हें अब छोड़ दें। वह अभी भी इंडस्ट्री में नई हैं। मुझे पता है कि यह सिर्फ उनका शुरुआती बिंदु है।

देवरा से नहीं होगा जिगरा का टकराव, आलिया ने बदली प्रदर्शन तिथि

जिगरा के साथ आलिया भट्ट ने अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है। यह उनके प्रोडक्शन हाउस के तहत बनने वाली पहली फिल्म है। बताया जा रहा है कि जिगरा में आलिया भट्ट जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी। धर्मा प्रोडक्शन के तहत आलिया भट्ट की यह फिल्म 27 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। जिगरा नाम की इस फिल्म में द आर्चीज के अभिनेता वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में हैं। आलिया और वेदांग इस नई फिल्म में भाई-बहन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। आलिया ने ट्वीट कर कहा, हर दिन एक अलग दिन होता है... रोमांचक, चुनौतीपूर्ण... न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक निर्माता के रूप में भी, क्योंकि हम इस फिल्म को जीवंत कर रहे हैं, और जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, मैं और अधिक साझा करने का इंतजार नहीं कर सकती। जिगरा - 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में। जिगरा को लेकर अब जो समाचार सामने आ रहे हैं उनके अनुसार आलिया भट्ट ने अपनी फिल्म की प्रदर्शन तिथि में बदलाव कर दिया है। पहले 27 सितम्बर को प्रदर्शित होने के कारण उनकी फिल्म का जूनियर एनटीआर की पैन इंडिया फिल्म देवरा से टकराव होने जा रहा था, जो अब टल गया है। आलिया ने अपनी फिल्म जिगरा के लिए अब दूसरी प्रदर्शन तिथि तय कर दी है। यह फिल्म अब 11 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी। बता दें कि जान्हवी कपूर देवरा - पार्ट 1 के साथ तमिल-तेलुगु में डेब्यू करेंगी। वह पहली बार जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी। इस फिल्म में एक और बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान खलनायक की भूमिका निभाएंगे। प्रभास की आदिपुरुष में सैफ की भूमिका दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने पिपलांत्री में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का किया अवलोकन

डीएमएफटी मद से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास

जयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी सोमवार को राजसमंद के पिपलांत्री गांव के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां पिपलांत्री में नर्सरी का अवलोकन किया। पिपलांत्री के सूत्रधार पद्मपालीवाल ने बताया कि यह गांव अपनी अनूठी पहल 'कन्या जन्मोत्सव' के लिए प्रसिद्ध है। इस पहल के तहत गांव में हर लड़की के जन्म पर अनेकों पेड़ लगाए जाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। मंत्री खराड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पृथ्वी को स्वस्थ और हरित बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़ हमारे पर्यावरण के संरक्षक होते हैं, जो न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में भी मदद करते हैं। पौधे और पेड़ भूमि की उर्वरता बनाए रखते हैं, जल संचयन को बढ़ावा देते हैं और जैव विविधता को संरक्षित करते हैं इसलिए यह समय की मांग है कि हम सभी मिलकर अपने परिवेश को हरा-भरा बनाएं और अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपने आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान में सक्रिय रहकर भाग लें। हर व्यक्ति यदि साल में कम से कम एक पौधा भी लगाए, तो हम अपने पर्यावरण को काफी हद तक सुधार सकते हैं। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी आवश्यक है, ताकि वे सही ढंग से विकसित हो सकें और हमें दीर्घकालिक लाभ पहुंचा सकें। इस पहल को एक जनांदोलन बनाएं और अपने बच्चों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करें। आपका छोटा सा प्रयास भी हमारे ग्रह के लिए बड़ा परिवर्तन ला सकता है। मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने पिपलांत्री गांव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए विविध कार्यों की सराहना करते हुए इसे पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि पिपलांत्री का मॉडल पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का एक अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस पहल से पिपलांत्री गांव में न केवल पर्यावरण में सुधार हुआ है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास में भी वृद्धि हुई है। पेड़ों की देखभाल और संरक्षण ने गांव में रोजगार के अवसर बढ़ाए ह और ग्रामीणों में एकता और सहयोग की भावना को प्रबल किया है। मंत्री खराड़ी ने डीएमएफटी योजनान्तर्गत भील बस्ती काना का तालाब ग्राम मोरवड़ में ट्यूबवेल मोटर पाईप लाईन पानी की टंकी निर्माण कार्य एवं भीलवाती माण्डा का क्यारा ग्राम मोरवड़ में ट्यूबवेल मोटर पाईप लाईन पानी की टंकी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में अधिकतम विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

सुढा सर्वसम्मति से चुने गए तहसील अध्यक्ष

तेज | रिपोर्टर रायसिंहनगर

राजस्थान मेघवाल समाज संस्थान की रायसिंहनगर ब्लाक इकाई का गठन आज किया गया । लालचंद मेघवाल पूर्व विधायक की अध्यक्षता में गणपत राम बयावत जिलाध्यक्ष, मघाराम खंड, संरक्षक, लालचंद खंड सभाध्यक्ष ,कृष्ण बारूपाल चुनाव अधिकारी, सुभाष सोढा चुनाव पर्यवेक्षक, मुकेश गंडेर चुनाव पर्यवेक्षक के नेतृत्व में चुनाव करवाए गए जिसमें सोहनलाल सुढा को ब्लाक अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।इसके साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार भी सर्वसम्मति से किया गया। सभाध्यक्ष तुलसा राम परिहार व उप सभाध्यक्ष सहीराम मेहरड़ा, संरक्षक धर्मपाल इंदलिया व अर्जुन राम मेघवाल, मंत्री लालचंद पंवार, कोषाध्यक्ष राकेश मायल, उपाध्यक्ष रामस्वरूप मेहरड़ा व रमेश मेहरड़ा, प्रेस प्रवक्ता कालूराम बरोड़, संगठन मंत्री तनसुख सांडेला व सुनील कुमार बरोड़, संयुक्त मंत्री भूपेश बरोड़ व प्रवीण गरूआ व संरक्षक लालचंद मेघवाल व पदमाराम बरोड़ को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर दिलीप बरोड़, लालचंद सुढा, काशीराम सुढा, संतलाल मेघवाल, धन्नाराम मेघवाल, ओमप्रकाश सोलंकी, मंगला राम मेघवाल,राजकुमार इंदलिया ,कृष्ण लाल चिनिया, वीरुराम इंदलिया, ओमप्रकाश मेधवंशी, सुनील कुमार चौहान, अर्जुन चौहान, राजाराम सोलंकी वह मेघवाल समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

माहेश्वरी समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

- साड़ी के महत्व को बताने के लिए महिला संगठन ने निकाली साड़ी वॉकथॉन

तेज | रिपोर्टर संगरिया

स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमीं के अवसर पर दो दिवसीय आयोजन रविवार रात्रि को पंचायती धर्मशाला के शिव सदन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह व सांस्कृतिक संध्या के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सभा अध्यक्ष लखन करवा, महिला संगठन अध्यक्ष सरोज राठी, युवा संगठन अध्यक्ष नवनीत पेड़ीवाल, प्रदेश संयुक्त सचिव बाबू लाल राठी व जिला संगठन मंत्री पवन सोमानी द्वारा भगवान महेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में श्रीराम मंदिर आंदोलन में कारसेवा करते हुए शहीद हुए कारसेवक राम कोठारी, शरद कोठारी व अविनाश माहेश्वरी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा संगठन के प्रदेश प्रतिनिधि कपिल करवा ने बताया कि कार्यक्रम में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को देखते हुए पर्यावरण रक्षा के लिए कार्यक्रम को सिंगल यूज क्रॉकरी से मुक्त रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अन्न के महत्व को बताते हुए जूठा नहीं छोडने् का संदेश देते हुए बच्चों में यह प्रवृति बचपन से ही विकसित करने की अपील की गई। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रतिभा के लिए दिवेश राठी, पारुल करवा, भावना राठी, शुभम पेड़ीवाल, नेहा राठी, सेवित लखोटिया, दिव्या गट्टाणी व प्रणव सोमानी को पूर्व पालिकाध्यक्ष सीताराम सोमानी, पूर्व अध्यक्ष देवकिशन लखोटिया, ओमप्रकाश करवा, महावीर प्रसाद करवा, श्याम लाल गट्टाणी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गणेश वंदना भूमि लखोटिया द्वारा व महेश वंदना माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रियंका सोमानी, शर्मिला राठी, नेहा राठी, भावना राठी, कुमकुम लखोटिया, कृति राठी, भव्य सोमानी, लावण्या पेड़ीवाल, जतिन करवा, भाविक पेडीवाल, राघव करवा, जानवी राठी, काव्या लाहोटी, केशव राठी, अभिषेक राठी, गरिमा राठी, नेहान लाहोटी, वत्सल बिहानी व रिद्धि गट्टानी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर आयोजित रोचक प्रतियोगिताओं में पांच वर्ष से अस्सी वर्ष आयु के प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें बाबू लाल राठी, पवन सोमानी, किरण सोमानी, रेणू लखोटिया, वत्सल बिहाणी, कृति राठी, प्रियंका सोमानी, नीरू सोमानी आदि विजेता रहे। विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पवन करवा, मोहित लखोटिया, युवा संगठन के महामंत्री गौरव सोमानी, उपाध्यक्ष दिवेश राठी, कोषाध्यक्ष रोहित लखोटिया, गौरू राठी, सुमित गट्टाणी, डॉ.जयकिशन गट्टाणी, शुभम पेड़ीवाल, राकेश करवा, लोकेश सोमानी, विमला पेड़ीवाल, सरिता करवा, सभा के उपाध्यक्ष संजय सोमानी, सचिव महेश लखोटिया, कोषाध्यक्ष पवन राठी, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सोमानी, पवन करवा व रावतमल लखोटिया, फूडग्रेन व्यापार समिति के पूर्व अध्यक्ष श्याम लाल सोमानी, कमल पेड़ीवाल, जगदीश लखोटिया, पंकज सोमानी, गोपाल सोमानी, अनिल गट्टाणी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधू उपस्थित रहे। साड़ी का बताया महत्व- माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा साड़ी की सुंदरता व महत्व को बताते हुए साड़ी वॉकथान का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल के कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा साड़ी पहनकर स्टेज वॉक की गई। इस अवसर पर हिंदी व राजस्थानी गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक संदेशों को लेकर नृत्य प्रस्तुत किए गए।

इंदौर में सिंधी संस्थाओं ने देवनानी का किया अभिनंदन

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि महाराजा दाहिर सेन की वीरता, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को राष्ट्र सदैव स्मरण करता रहेगा। जब भी भारत पर आक्रांताओं ने आक्रमण किया, तब सबसे पहले सिंध ने आक्रांताओं का डटकर मुकाबला किया और शहादत दीं। महाराज दाहिर सेन ने आक्रमणकारियों को बार-बार खदेड़ा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने बलिदान दिया। उनके पूरे परिवार, उनकी पत्नी और दोनों पुत्री ने भी राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। हर बार विदेशी आक्रांताओं के हमलों को महाराजा दाहिर सैन ने नाकाम किया। देवनानी ने इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित सिंधु सम्राट महाराज दाहिर सेन की 1312 वे बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह को राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद और इन्नोवेटिव समिति फॉर पीपल्स अवेयरनेस केयर एंड एजुकेशन सोसाइटी ने आयोजित किया। देवनानी ने कहा की महाराज दाहिर सहन वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने सनातन हिंदू धर्म को राजधर्म घोषित किया था। एकता अखंडता व राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक महाराज दाहिर सेन को राष्ट्र स्मरण करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत का अभिन्न अंग है। सिंधी समाज ने भौतिकवाद का त्याग किया है। भारतीय मूल्यों और परंपराओं की प्रति दृढ़ता पूर्वक जुड़कर स्वरोजगार और शिक्षा के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत की संकल्पना को साकार किया है। सिंधी समाज मेहनती है। समाज ने स्वरोजगार के बल पर भारत के आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के दौरान महाराणा प्रताप, हेमू कालानी और दाहिर सेन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया। आज युवा पीढ़ी इन वीर महापुरुषो के त्याग ,बलिदान और राष्ट्र प्रेम की गाथाओं को पढ़कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित हो रहे हैं। देवनानी ने अपने उद्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को याद करते हुए कहा कि इन दोनों व्यक्तियों को सिंधी समाज कभी नहीं भूल सकता। इन दोनों के प्रयासों से ही सिंधी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिला। सिंधु दर्शन यात्रा आडवाणी जी के प्रयासों से ही आरंभ हो सकी। सन 1997 में पहली बार सिंधु दर्शन यात्रा आरंभ हुई । पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में 67 लोगों ने यात्रा में भाग लिया। देवनानी ने कहा की हमें गर्व होना चाहिए कि हम सिंधी हैं। हमने भारत राष्ट्र की रक्षा के लिए समय-समय पर बलिदान दिया। सबसे पहले आक्रांताओं से मुकाबला किया। राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने शहादत दी। आज भी हम मेहनत करके राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें महाराज दाहिर सेन की वीरता, ओजस्विता का स्मरण कर ऊर्जा और साहस से लवरेज रहना चाहिए। राष्ट्र की प्रगति में निरंतर भागीदारी निभाने के लिए प्रयासरत रहना होगा। देवनानी का इंदौर में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली, इन्नोवेटिव समिति फार पीपल्स अवेयरनेस एंड केयर समिति इंदौर, भारतीय सिंधु सभा इंदौर, सिंधी साहित्य पंचायत इंदौर और सिंधी सुजाग संगत इंदौर सहित लगभग एक दर्जन संस्थाओं ने अभिनंदन किया। देवनानी का माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के उपाध्यक्ष मोहन मंगवानी, निदेशक रवि टेकचंदानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इग्नू: दो डिग्री एक साथ करने की सुविधा

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) छात्रों को विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में अपने मौजूदा डिग्री कार्यक्रमों के साथ साथ दोहरी डिग्री प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. राम पाल अहरोदिया, समन्वयक इग्नू अध्ययन केन्द्र 23139 राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय हनुमानगढ़ ने बताया कि यूजीसी के नियमानुसार विद्यार्थी अब दो कार्यक्रमों में एक साथ प्रवेश ले सकता है। विद्यार्थी एक कार्यक्रम तो रेगुलर मोड पर कर सकता है तथा दूसरा दूरस्थ शिक्षा मोड में। इग्नू विश्वविद्यालय अपने लचीलेपन तथा छात्र केंद्रित शिक्षा प्रणाली के तहत विद्यार्थियों को दो डिग्री अपने रूचि के क्षेत्रों मे करने के अवसर प्रदान करता है जिससे वे रोजगार के नये अवसर प्राप्त कर सकते है। कोई भी विद्यार्थी जो रेगुलर मोड में यूजी या पीजी कर रहा हो ऐसा विद्यार्थी इग्नू के यूजी व पीजी कार्यक्रम में प्रवेश लेकर तीन वर्ष या दो वर्ष में एक साथ दो डिग्री प्राप्त कर सकता है।

ताकि कम न हो सुनने की क्षमता

हेल्थ प्लस

उम्र बढने के साथ ही अक्सर लोगों की सुनने की क्षमता कमजोर होने लगती है, लेकिन शुरू से ध्यान दिया जाए तो सुनने की शक्ति बरकरार रहती है

कम कर दें आवाज : सड़क पर होने वाला ट्रैफिक का शोर, ट्रैफिक जाम होने पर लगातार बजने वाले हॉर्न, ये तो कम करना अकेले आपके बस में नहीं है, लेकिन घर में टीवी या स्टीरियो की वॉल्यूम तो आप कम कर ही सकते हैं। घर में बजने वाले साउंड सिस्टम की वॉल्यूम इतनी ही होना चाहिए कि दरवाजा बंद करने पर आवाज बाहर तक सुनाई न दे। अगर आवाज बाहर के लोग भी आसानी से सुन सकते हैं तो इसका मतलब है यह बहुत ज्यादा है। कार के स्टीरियो सिस्टम के साथ भी यही बात लागू होती है। हेडफोन पर रेडियो या गाने सुनते हों तो यह केवल आपको ही सुनाई देना चाहिए। अगर आपके पास खड़ा व्यक्ति यह बता दे कि आप कौनसा संगीत सुन रहे हैं तो इसका मतलब है कि ये वॉल्यूम कानों के लिए हानिकारक है। अगर आप भी इतनी ऊँची आवाज़ में सुनने के आदि हैं तो जान लें कि आवाज़ कम कर लेने में ही भलाई है।

यदि अपने से एक या दो फुट की दूरी पर खड़े व्यक्ति से बात करने के लिए आपको चिल्लाना पड़ रहा हो तो इसका मतलब है कि उस स्थान पर शोर बहुत ज्यादा हो रहा है। ऐसी स्थिति में वहाँ से दूर हो जाएँ, यह संभव न हो सके तो इयर प्रोटेक्शन पहन लें।

ईयर प्लग रखें साथ

शोरगुल वाली जगहों पर परेशान होकर कानों में रुई लगा लेने से बहुत फर्क नहीं पड़ता। शोर से बचने के लिए अपने साथ ईयरप्लग रखने की आदत डालें, ताकि भीड़ भाड़ या भारी शोर वाले स्थानों पर फँसने पर कानों को बचाया जा सके। ईयरप्लग काफी छोटे होते हैं और आसानी से बैग या फिर जेब में इन्हें रखा जा सकता है। ये शोर से बचने में बहुत असरकारी होते हैं। खरीदने से पहले शोर कम करने की रेटिंग जरूर देख लें, इससे यह पता चलता है कि यह किस हद तक शोर को कम कर सकता है। ईयरप्लग की रेटिंग कम से कम 15 डेसिबल होना चाहिए।

कई उपकरण..

क्या आप टीवी और रेडियो एकसाथ चलाकर रखते हैं? या फिर कोई आवाज करने वाले उपकरण और टीवी को एक ही कमरे में चलाकर काम करते हैं? अगर हाँ, तो यह जल्द से जल्द बंद कर दें। एक बार में तो रेडियो चला लें या फिर टीवी देख लें। दो आवाज करने वाले उपकरण एकसाथ चलाने से आवाजों को शोर में बदलते देर नहीं लगती।

दवाएँ भी कर सकती हैं परेशान

दिन में 6-8 एस्प्रिन लेने वालों को कान में सीटियाँ सुनाई देने लगती हैं या फिर अस्थायी बहरेपन की समस्य भी हो सकती है। कई तरह की एंटीबायोटिक दवाएँ कानों को नुक सान पहुँचा सकते हैं। कोई दवा लेने के बाद यदि क सुनाई देने लगे तो डॉक्टर को इस समस्या के म में बताएँ, हो सकता है कि वे उस दवा का बारे डोज कम करे या करे या दव बदल दें।

धूम्रपान तो नहीं करते?

धूम्रपान करने से कानों तक रक्त का बहाव कम हो जाता है। तेज शोर शराबे से कानों होने वाली क्षति की प्राकृतिक रूप से जो मरम्मत होती है वो तंबाकू के दुष्प्रभावों की वजह से संभव नहीं हो पाती। इसलिए यदि तंबाकू लेने या धूम्रपान के आदि हों तो तुरंत इसे छोड़ दें।

कैफीन की मात्रा करें नियंत्रित

कॉफी की मिलने वाला कैफीन निकोटिन की तरह ही कानों तक रक्त के प्रवाह को कम कर देता है, जिससे सुनने की क्षमता कम होने की आशंका बढ जाती है। इसलिए कॉफी या कैफीन के अन्य म्रोतों की मात्रा कम से कम कर दें। अधिक मात्रा में ये नुकसान करते हैं।

संतुलित आहार

वसा और कोलेस्ट्रॉल से भरपूर आहार हृदय के अलावा कानों के लिए भी हानिकारक होता है। धमनियों में वसा का जमावड़ा और उच्च रक्तचाप, दोनों कारणों से कानों में रक्त का प्रवाह घट सकता है। इसलिए रोज संतुलित आहार और फल-सब्जियाँ लेना अन्य अंगों के साथ कानों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मौसमी फल-सब्जियाँ, अंकुरित व खड़े अनाज, दालें, सूखे मेवे, खमीरीकृत चीजें सभी बहुत जरूरी होती हैं।

व्यायाम

पैदल चलना, दौड़ना, तैरनै, एरोबिक्स या ऐसे ही अन्य व्यायाम प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट के लिए करें। रोज न हो सके तो हफ्ते में कम से कम 4 दिन तो जरूर ही करें। इससे पूरे शरीर में (कानों समेत) रक्त का संचार होता है, जिससे आपकी सुनने की क्षमता भी दुरूस्त रहती है।

रोग भगाता, सेहत बनाता पपीता

इस पौष्टिक और रसीले फल से कई विटामिन मिलते हैं, नियमित रूप से खाने से शरीर में कभी विटामिन्स की कमी नहीं होती। बीमार व्यक्ति को दिए जाने वाले फलों में पपीता भी शामिल होता है, क्योंकि इसके एक नहीं, अनेक फायदे हैं। आसानी से अवशोषित होने से यह शरीर को काफी जल्दी फायदा पहुँचाता है। पपीता एक ऐसा फल है, जो कच्चा और पका हुआ दोनों ही रूप में खाया जाता है। कच्चा फल हरे रंग का दिखाई-देता है, अधिकतर इसकी सब्जी बनाई-जाती है। फल के रूप में ज्यादातर पका हुआ पपीता ही खाया जाता है।

क्या-क्या मिलता है?

प्रचुर मात्रा में विटामिन ए, बी और सी के साथ ही कुछ मात्रा में विटामिन-डी भी मिलता है। पपीता पेप्सिन नामक पाचक तत्व का एकमात्र प्राकृतिक स्रोत है। इसमें कैल्शियम और कैरोटीन भी अच्छी मात्रा में मिलता है। इसके अलावा फॉस्फोरस, पोटेशियम, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट्स, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन भी होता है। पपीता सालभर बाजार में उपलब्ध होता है।

पपीता के गुण

पपीता पेट के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे पाचन तंत्र ठीक रहता है और पेट के रोग भी दूर होते हैं। पपीता पेट के तीन प्रमुख रोग आम, वात और पित्त तीनों में ही राहत पहुँचाता है। यह आँतों के लिए उत्तम होता है।

पपीते में बड़ी मात्रा में विटामिन-ए होता है। इसलिए यह आँखों और त्वचा के लिए बहुत ही अच्छा माना जाता है। इससे आँखों की रोशनी तो अच्छी होती ही है, त्वचा भी स्वस्थ, स्वच्छ और चमकदार रहती है।

पपीते में कैल्शियम भी खूब मिलता है। इसलिए यह हड्डियाँ मजबूत बनाता है।

इसमें बढ़ते बच्चों के बेहतर विकास के लिए ज़रूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। शरीर को पोषण देने के साथ ही रोगों को दूर भी भगाता है।

विकारों को दूर करता है योग योग में प्राणायाम का महत्व

योग मनुष्य के लिए वरदान हैं, क्योंकि इससे न केवल हमारे शरीर के रोग और विकार दूर होते हैं, बल्कि मानसिक और इंद्रीय संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इससे शरीर में ऊर्जा का भी विकास होता है।



बिसालपुर के पतंजलि सेवा के योग गुरु गोविंद तिवारी ने कहा बताया कि सभी योगा अपना अलग-अलग महत्व होता है। भस्त्रिका, कपालभाति, उज्जायी, अनुलोम -विलोम, भ्रामरी, उदघृत और प्रणव प्राणायाम- योग गुरु श्री तिवारी ने बताया कि उक्त आठ प्राणायाम से 99 प्रतिशत बीमारियां और शरीर के विकार दूर हो जाते हैं।

बनता है इंसूलिन : कपाल भाति और अनुलोम-विलोम के बारे में बिसालपुर के पतंजलि सेवा के योग गुरु गोविंद तिवारी ने कहा कि इस प्राणायम से शरीर के अंदर पैंक्रियास का विकास होता है, जो इंसूलिन बनाती है। इससे शुगर की समस्या से निजात मिलता है। यही नहीं ब्लड प्रेशर को भी यह कंट्रोल करता है। खासकर कपाल भाति से पेट से संबंधित विकार दू रहो जाते हैं। लिवर, किडनी भी स्ट्रांग रहता है।

होता है मानसिक विकास : योग का अभ्यास कराने के साथ ही साथ तिवारी ने योग के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि भस्त्रिका, कपालभाति, उज्जयी शरीर के 40 प्रतिशत इंद्रियों का विकास करता है तो अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्रणव और उदघृत से 30 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। योगधारा शिविर में 40 से 50 की संख्या में महिला, पुरुष और युवा वर्ग के लोग शामिल हुए।

फिर आतंकी हमलें, कायम हो शांति का उजाला

ललित गर्ग

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है।

भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है।

इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन

को कायम नहीं रहने देंगे।

मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेर करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखना होगा।

संपादकीय

पीएम मोदी की उम्मीदों भरी यात्रा

इटली के अपूलिया में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र में वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस क्रम में तमाम वैश्विक राजनीतिक हस्तियों से उनका मिलना हुआ। इनमें पोप फ्रांसिस भी शामिल थे, जिन्होंने भरपूर गर्मजोशी से मोदी को गले लगाया और विचार-विमर्श किया। मोदी ने पोप को भारत आने का न्योता भी दिया। भारत में कैथोलिक इसाइयों की संख्या एशिया में दूसरे नंबर पर है। भारत के केरल जैसे राज्यों में ईसाइयों की संख्या खासी है, इसलिए इसे संकेत माना जा रहा है कि मोदी ने भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दशार्या है।

जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया केसबसे अमीर और खुद को अत्याधुनिक मानने वाले मुल्कों की संस्था है। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान ये सात देश हैं। इनकी ग्लोबल ट्रेड और वैश्विक वित्त पण्राली पर खासी पकड़ है। इस बार ये सब आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों को लेकर विमर्श कर रहे थे। चूंकि भारत विकसित होती अर्थव्यवस्था है, इसलिए वे उसके सहयोग और लाभ की साझेदारी पर काम करने को इच्छुक हैं। इस सम्मेलन में दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ भारत प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को इसी खास मकसद से आमंत्रित किया गया था। माना जा रहा है कि जी-7 देश चीन और रूस की बढ़ती आर्थिक ताकत को लेकर चिंतित हैं। इस मौके का फायदा उठाने में मोदी सफल होते नजर आ रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी मदद मिलने की उम्मीद है। इस मसले पर बनने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों द्वारा देश में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर सख्ती की जा सकेगी। हालांकि यह कहना गलत नहीं है कि इस गुट के पास ऐसे कोई अधिकार नहीं हैं, जिनके बल पर कोई भी निर्णय जबरन लागू कराया जा सके, मगर भारत को इन देशों से जो सहयोग और लाभ मिल सकते हैं, उनके प्रति यदि मोदी सफल होते नजर आते हैं तो यह देश के भविष्य के लिए बेहतर करने का घटनाक्रम ही कहा जाएगा। निःसंदेह इनसे जुड़े परिणामों के लिए अभी इंतजार करना होगा। मगर कुल मिलाकर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली विदेश यात्रा सकारात्मक कही जा सकती है, जिसके परिणाम आने वाले वर्षो में यकीनन नमूदार होंगे।

चिंतन-मनन

संत की उदारता

विख्यात संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है?

यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे। तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया। विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे। उन्होंने चोरों से कहा- तुम्हें इनकी बहुत अधिक आवश्यकता होगी अन्यथा इतनी रात गए भला कोई जोखिम क्यों उठाता? तुम सब मुसीबत के मारे लगते हो। चिंता मत करो। मुझसे जो मदद होगी, मैं करूंगा। यह कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली की अंगूठी भी उतार कर उन्हें दे दी। यह देख चोर लज्जित हुए। वे एकनाथ जी के चरणों में गिर गए और उन्होंने कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।

एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की 'मन की बात'

मोदी मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से ह्यमोदी का परिवारह्ल हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया। हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चचाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चचाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना होगा। नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन होगा।

(ऋतुपर्ण दवे - स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।

पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि

लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रान्स (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है।

भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

(प्रहलाद सबनानी, आर्थिक विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)

नासा कर रहा सुपर स्टार समूह पर अध्ययन

वाशिंगटन । नासा के चंद्र एक्स-रे ऑब्जरवेटरी और नासा के दूसरे टेलीस्कोप से मिले नए डेटा के की मदद से पृथ्वी के सबसे बड़े और सबसे करीब सुपर स्टार समूह पर वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। ग्रुप को वेस्टरलंड 1 नाम दिया गया है। इन अध्ययनों की मदद से खगोलविदों को तारों के निर्माण की प्रकिया को समझने में मदद मिलेगी। यह एक्सटेंडेड वेस्टरलंड 1 और 2 ओपन क्लस्टर सर्वे (इकोस्स) नाम की परियोजना से पहला सार्वजनिक रूप से जारी किया डाटा है। इकोस्स का नेतृत्व में इटली के पलेर्मो में स्थित एक संस्थान कर रही है। चंद्र ऑब्जरवेटरी ने इकोस्स के हिस्से के रूप में वेस्टरलंड 1 का लगभग 12 दिनों तक अध्ययन करने के बाद यह डाटा साझा किया है। नई तस्वीर में चंद्र का डाटा और नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप से पिछला डाटा शामिल है। चंद्र के एक्स-रे से क्लस्टर में नए तारे और गैसों का पता चलता है। युवा तारे ज्यादातर सफ़ेद और गुलाबी रंग के दिखाई देते हैं, जबकि गर्म गैस गुलाबी, हरे और नीले रंग में दिखाई देती है। हबल के डेटा में कई तारे पीले और नीले रंग के डॉट्स के रूप में दिखाई देते हैं। एक दिलचस्प खोज यह है कि वेस्टरलंड 1 के केंद्र में चार प्रकाश वर्ष के दायरे में 1,075 तारे हैं। खगोलविदों का मानना है कि यह क्लस्टर के गठन और विकास को समझने और इसके मास का बेहतर अनुमान लगाने के लिए जरूरी है।

क्या होते हैं सुपर स्टार क्लस्टर?

वर्तमान में, हमारी गैलेक्सी में हर साल केवल कुछ ही तारे बनते हैं। हालाँकि, अतीत की बात करे तब मिल्की-वे लगभग 10 बिलियन साल अपने चरम पर था जब यहां हर साल दर्जनों या सैकड़ों तारे बनते थे। इसमें से ज्यादातर घटनाएं विशाल क्लस्टर्स में हुईं, जिन्हें सुपर स्टार क्लस्टर के नाम से जाना जाता है। इन्हीं में से एक को वेस्टरलंड 1 नाम दिया गया है। ये क्लस्टर औरों की तुलना में नए हैं और इनका वजन सूरज के वजन से 10,000 गुना ज्यादा है। वेस्टरलंड 1, 3 मिलियन से 5 मिलियन साल पुराना है। वेस्टरलंड 1 मिल्की वे में बचा हुआ सबसे बड़ा सुपर स्टार क्लस्टर है। यह पृथ्वी से सबसे करीबी, लगभग 13,000 प्रकाश वर्ष दूर है।

एलियन ममी मामले में विवाद गहराया, अमेरिकी और यूरोपीय वैज्ञानिकों से पुष्टि करवाने के प्रयास

लीमा। एलियन ममी का विवाद अब बढ़ता जा रहा है और इसके समर्थन और विरोध कमे में दो दल बन गये हैं। ये सारा विवाद पेरू में मिले दो एलियन के शवों से उठा है। मैक्सिकन का एक व्यक्ति एलियन के शवों पर कब्जे के साथ ही उनकी प्रामाणिकता के लिए अमेरिकी और यूरोपीय वैज्ञानिकों से पुष्टि करवाने के प्रयास में लगा है। वहीं वहीं बहुत से पुरातत्वविद, इतिहासकार और विशेषज्ञ इन शवों को लेकर उससे सहमत नहीं हैं। पुरातत्वविदों को डर है कि एलियन के बताये जा रहे शव कब्रों पर हमला करने वालों द्वारा खोदे गए प्राचीन मानव हो सकते हैं। यूएफओ शोधकर्ता जैमे मौसन ने कहा है कि अधिक गहन 'विश्लेषण किए जा रहे हैं' और वह पेरू की सरकार पर शवों को अमेरिका में अधिक उन्नत प्रयोगशालाओं में भेजने के अधिकार के लिए मुकदमा कर रहे हैं। जैमे, जिनके शोध ने लगभग एक दशक तक विवाद खड़ा किया है, ने यह विचार पेश किया है कि ममियाँ एलियन-मानव 'हाइब्रिड' हो सकती हैं, उनके वैज्ञानिक सहयोगियों ने घोषणा की है कि नए नमूनों में '30 फीसदी अज्ञात' डीएनए है। वहीं आलोचक उनके दावों पर संदेह जताते रहते हैं। लैटिन अमेरिकी इतिहासकार क्रिस्टोफर हेनी ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि वे मानव जैसे हैं। उन्हें लगता है कि वे मानव हैं।' वहीं जैमे और उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से विदेश में व्यापक वैज्ञानिक रुचि के लिए जोर दिया है वे मेक्सिको की कांग्रेस के समक्ष एक विवादास्पद प्रस्तुति कर चुके है और उनका पेरू के संस्कृति मंत्रालय के साथ टकराव भी हो चुका है। जैमे का अपने आलोचकों के साथ टकराव पिछले अप्रैल में अपने सबसे गर्म क्षण पर पहुंच गया जब पेरू में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने प्रदर्शन पर रखे गए नए ममीकृत शवों में से एक को जब्त करने के इरादे से छापा मारा, जिसे 'मोंटसेराट' कहा जाता है। इस मामले में, '300 मिलियन डॉलर का मुकदमा पहले ही चल चुका है।'

रेफिजरेटेड ट्रक में दम घुटने से आठ लोगों की मौत

झेंग्झौ । चीन के हेनान प्रांत में एक रेफिजरेटेड ट्रक में दम घुटने से आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आठ लोग वाहन के इंसुलेटेड डिब्बे में थे, जो नियमों के खिलाफ था। पुलिस ने कहा कि जब वाहन येक्सियन काउंटी के होंगझुआंगयांग टाउनशिप में एक गैस स्टेशन पर पहुंचा तब वे बेहोश पाए गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वाहन चालक और संबंधित जिम्मेदार कर्मियों को हिरासत में लिया गया है, और मामले के कारणों की जांच की जा रही है।

वियनताम में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत

हनोई । वियतनाम के दक्षिणी प्रांत एन गियांग में बिजली के झटके से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई। पीड़ितों की पहचान चाऊ फु जिले में रहने वाला 51 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 45 वर्षीय पत्नी और सात वर्षीय पुत्री के तौर पर हुयी। रविवार को अपराह्न में पीड़ितों के घर के बगल में रहने वाले एक रिश्तेदार ने उन्हें मृत पाया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

हज यात्रियों ने अदा की हज की अंतिम रस्में, लू से 14 श्रद्धालुओं की मौत

मीना । सऊदी अरब में भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने शैतान को प्रतीकात्मक रूप से पत्थर मारने की रस्म अदा की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हज यात्रा के दौरान जॉर्डन के 14 श्रद्धालुओं की लू लगने से मृत्यु हो गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह सऊदी अरब में मृतकों को दफनाने या शव को जॉर्डन भेजने के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। शैतान को प्रतीकात्मक रूप से पत्थर मारने की रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह रस्म पवित्र शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हज यात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

यूक्रेन का दावारूस ने तेज किए सैन्य हमले

कीव। रुस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के बीच यूक्रेन ने दावा करते हुए कहा कि जब स्विट्जरलैंड में शांति सम्मेलन चल रहा था तो रूस ने यूक्रेन पर अपने सैन्य हमले तेज कर दिए। शांति सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने रविवार शाम अपनी रिपोर्ट में कहा, पूरे दिन रूस ने यूक्रेन पर तेज हमला जारी रखा, हमारे डिफेन्स में सेंध लगाने की कोशिश की और हमारी इकाइयों को हमारे ठिकानों से हटाने की कोशिश करता रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 हमलों को विफल कर दिया गया लेकिन 11 अभी भी जारी हैं। इसमें कहा गया है कि रूसी सेना आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है, खासकर पोक्रोवस्क शहर के पास। कहा जाता है कि रूसी सेना ने उत्तर और दक्षिण में मोर्चे पर यूक्रेनी ठिकानों पर हमला करने के 10 प्रयास किए, लाइमन क्षेत्र और कुराखोव के आसपास। रिपोर्ट में कहा गया, मॉस्को की वायु सेना ने रक्षा ठिकानों पर भारी बमबारी की हालांकि इस जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। पिछली सर्दी से ही यूक्रेन हथियारों और गोला-बारूद के अभाव में कमजोर स्थिति में है।



मक्का में हज यात्रा के दौरान मस्जिद की सेटेलाइट के जरिये ली गयी एक तस्वीर।

गाजा में युद्ध रोकने का अमेरिका ने दिया सुझाव

वॉशिंगटन। इजरायल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए जारी प्रयासों के बीच अमेरिका ने शांति का सुझाव दिया है। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल और गाजा के युद्ध को देखते हुए अपने मुस्लमानों को देने वाले संदेश का इस्तेमाल किया जो बाइडेन ने मुसलमानों को ईद अल-अधा संदेश दिया। उन्होंने कहा, यह हमास और इजरायल के बीच युद्ध की भयावहता से पीड़ित नागरिकों की मदद करने का युद्धविराम समझौते सबसे अच्छा तरीका था। बाइडेन ने आगे अपने इजरायल और हमास के युद्ध को लेकर कहा, बहुत से निर्दोष लोग मारे गए हैं, जिनमें हजारों बच्चे भी शामिल हैं। परिवार अपने घरों से भाग गए हैं और उन्?होंने अपने समुदायों को नष्ट होते देखा है। जानकारी के लिए बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायल और हमास पर पिछले हफ्ते युद्धविराम समझौते को लिए औपचारिक रूप से स्वीकार करने के लिए दबाव डाला है, जिससे लड़ाई को शुरुआती छह सप्ताह के लिए रोका जा सकेगा। ये उन्होंने सुरक्षा परिषद के सदस्यों की तरफ से युद्धविराम को लेकर हरी झंडी दिखाने के बाद किया है। वहीं राष्ट्रपति जो बाइडेन ने म्यांमार में रोहिंग्या और चीन में उइगर सहित उत्पीड़न का सामना कर रहे अन्य मुस्लिम समुदायों के अधिकारों की वकालत करने की अपनी कोशिश पर भी बात की। उन्होंने कहा, हम सूडान में भीषण संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान लाने के लिए भी काम कर रहे हैं। जो अप्रैल 2023 से देश की सेना और दुश्मन के बीच लड़ाई की चपेट में है।

भारत ने नहीं किए यूक्रेन में शांति दस्तावेज पर दस्तखत, रूस और चीन ने बनाई दूरी

बेर्न (एजेंसी)। भारत समेत कुछ देशों ने यूक्रेन में शांति के लिए स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए। अपने संक्षिप्त संबोधन में भारत के वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि शांति शिखर सम्मेलन में भारत भागीदारी और यूक्रेन के शांति फर्मूले पर आधारित वरिष्ठ अधिकारियों की कई पूर्व बैठकें हमारे स्पष्ट और सुसंगत दृष्टिकोण के अनुरूप हैं कि स्थायी शांति केवल बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। भारत ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए रूस और यूक्रेन के बीच ईमानदारी और व्यावहारिक भागीदारी का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने स्विस रिसॉर्ट बर्गेनस्टॉक में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें कई राष्ट्राध्यक्षों सहित 100 से अधिक देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का मानना ??है कि इस तरह के समाधान के लिए संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों के बीच ईमानदारी और व्यावहारिक भागीदारी की आवश्यकता है। मंत्रालय ने कहा, इस संबंध में, भारत सभी हितधारकों के साथ-साथ दोनों पक्षों के साथ बातचीत जारी रखेगा, ताकि शीघ्र और स्थायी शांति लाने के लिए सभी गंभीर प्रयासों में योगदान दिया जा सके। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि 83 देशों और संगठनों ने यूक्रेन में शांति पर उच्च स्तरीय सम्मेलन के अंत में संयुक्त बयान को मंजूरी दी। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भविष्य की शांति प्रक्रिया को प्रेरित करना था। रूस को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित नहीं किया गया था, जबकि चीन ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत ने इस शिखर सम्मेलन से जारी होने वाले किसी भी विज्ञप्ति या दस्तावेज से खुद को संबद्ध नहीं किया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, सम्मेलन में भारत की भागीदारी, साथ ही यूक्रेन के शांति फर्मूले पर आधारित पूर्ववर्ती एनएसए या राजनीतिक निदेशक स्तर की बैठकों में भागीदारी, संवाद और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुगम बनाने के हमारे सतत दृष्टिकोण के अनुरूप है।

पन्नू की हत्या कराने की साजिश के आरोपी निखिल गुप्ता को अमेरिका पहुंचाया

बीजिंग। खालिस्तानी आतंकवादी और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नुन की अमेरिकी धरती पर हत्या की साजिश में आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है, समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने फेडरल ब्यूरो प्रिजन्स वेबसाइट और मामले से परिचित एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी।

रविवार (16 जून) को ब्यूरो ऑफ प्रिजन्स वेबसाइट पर कैदी के नाम से खोज करने पर पता चला कि 52 वर्षीय गुप्ता को ब्रुकलिन के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है, जो एक संघीय प्रशासनिक हिरासत केंद्र है। इसके अलावा, एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स से स्वतंत्र रूप से गुप्ता के प्रत्यर्पण और ब्रुकलिन में उनकी हिरासत की पुष्टि की। उसे सोमवार को न्यूयॉर्क में एक संघीय अदालत के समक्ष पेश किए जाने की उम्मीद है।

पिछले महीने, एक चेक अदालत ने अमेरिका भेजे जाने से बचने के लिए निखिल गुप्ता की याचिका को खारिज कर दिया, जिससे चेक न्याय मंत्री के लिए उसे प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो गया।

गुप्ता को पिछले साल 30 जून को चेक गणराज्य में गिरफ़्तार किया गया था, इस आधार पर कि हत्या की साज़िश में उनकी संलिप्तता के बारे में अमेरिका ने आरोप लगाया था। अमेरिकी संघीय अभियोजकों के अनुसार, गुप्ता को एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए एक हत्यारे को नियुक्त करने की साज़िश में फंसाया गया था, जो कथित तौर पर एक भारतीय सरकारी अधिकारी के निर्देश पर किया गया था। लक्ष्य की पहचान पन्नू के रूप में की गई थी।

निखिल गुप्ता का प्रत्यर्पण अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की वार्षिक ICET वार्ता के लिए नई दिल्ली की यात्रा से पहले हुआ है। उम्मीद है कि सुलिवन अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के समक्ष इस मामले को उठाएंगे। भारत ने पन्नू की हत्या की साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है और अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है। निखिल गुप्ता ने भी अपने वकील के माध्यम से आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उन पर ÷अनुचित आरोप÷ लगाए गए हैं। गुरपतवंत सिंह पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है और वह आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित है।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का विमान जापान जाते समय खराब हुआ

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को जापान ले जा रहा न्यूजीलैंड रक्षा बल का विमान रविवार को खराब हो गया, जिसके कारण प्रधानमंत्री को वाणिज्यिक उड़ान लेनी पड़ी, सोमवार को उनके कार्यालय ने इसकी पुष्टि की। लक्सन जापान में चार दिन बिता रहे हैं, जहां उनके जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मिलने और न्यूजीलैंड के व्यापार को बढ़ावा देने में समय बिताने की उम्मीद है।

पाकिस्तान सरकार ने इमरान की पार्टी को चेताया, राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करें

हार्वर्ड (एजेंसी)। इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार' को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देशनहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है।' मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है।

इसके साथ ही पार्टी को चेतावनी दी कि सरकार मित्र देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर देश विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी। खबर में कहा गया है कि प्रवक्ता ने पीटीआई से आग्रह किया कि वह अपनी 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और दुष्प्रचार' को छोड़ दे तथा वैश्विक मंचों पर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने के बजाय समाधान पर विचार करने के लिए राजनीतिक मुद्दों पर सरकार के साथ बातचीत करे।

ट्रंप की वापसी के डर से विकसित देश डब्ल्यूटीओ समझौते पर कर रहे जल्दबाजी

जिनेवा (एजेंसी)। विकसित देशों को डर सता रहा है कि डॉनल्ड ट्रंप इस साल नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए तो डब्ल्यूटीओ की गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। भारत इन देशों के से किसी प्रयास का हिस्सा नहीं बनना चाहता है। जिनेवा में भारत के एक व्यापार राजनयिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 'अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्विटजरलैंड, सिंगापुर, जापान और दक्षिण कोरिया ई-कॉमर्स और मछुआरों को सब्सिडी दिए जाने से जुड़े मसलों पर सहमति बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत का कहना था कि मछुआरों को सब्सिडी पर कोई व्यापक समझौता समान परंतु विभेदित उत्तरदायित्व के सिद्धातों (सीबीडीआर-आरसी) पर आधारित होना चाहिए। भारत का कहना है कि विकासशील देशों में मछुआरों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों (उनके अधिकार वाले जल से 200 नॉटिकल मील तक) में मछली पकड़ने के लिए सब्सिडी की व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। भारत का यह भी कहना रहा है कि इस सीमा से बाहर मछली पकड़ने के लिए विकसित देशों को अपने मछुआरों को अगले 25 वर्षों तक किसी प्रकार की सब्सिडी नहीं देनी चाहिए।

मगर फिलहाल हालात ऐसे नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अब तक कोई दस्तावेज भी नहीं सौंपा गया है। इन देशों को लगता है कि अगर ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बने तो उनके कार्यकाल में डब्ल्यूटीओ कमजोर हो जाएगा। इस डर के कारण वे नवंबर से पहले किसी न किसी तरह सहमति कायम कर लेना चाहते हैं।' नवीनतम आंकड़ों एवं सर्वेक्षणों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने की दौड़ में ट्रंप मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन से आगे निकलते दिख रहे हैं। शुक्रवार को जी-7 समूह के नेताओं ने इटली में सम्मेलन के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि वे डब्ल्यूटीओ में नियम आधारित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष, समान एवं पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के प्रति कटिबद्ध हैं। बयान में कहा गया, 'हम ई-कॉमर्स पर पर संयुक्त वक्तव्य पहल की दिशा में काम करने का मजबूत इरादा रखते हैं। हम दुनिया में मछली पकड़ने पर दी जाने वाली सब्सिडी पर एक महत्त्वाकांक्षी एवं व्यापक समझौते के पक्षधर हैं।' ट्रंप जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे तो उन्होंने डब्ल्यूटीओ को कमजोर और अनुचित व्यवस्था करार दिया था। उन्होंने इस वैश्विक संस्था से अमेरिका के हटने की भी धमकी तक दे डाली थी। उन्होंने डब्ल्यूटीओं की अपील इकाई में नई नियुक्तियों का रास्ता भी बंद कर दिया था जिसके बाद इस संस्था में विवाद सुलझाने की व्यवस्था बाधित हो गई।

राजनियक ने कहा कि भारत हमेशा से अपने हितों को देखते हुए कदम बढ़ाता आया है और दूसरे देशों की कवायद को स्वयं पर हावी होने नहीं दिया है। उन्होंने कहा, 'मछुआरों को

सब्सिडी दिए जाने के विषय पर हमारा रुख अब भी वही है जो पहले था। जहां तक ई-कॉमर्स जेएसआई की बात है तो हम इनका हिस्सा नहीं हैं बल्कि पर्यवेक्षक मात्र हैं।' इन विषयों पर वाणिज्य मंत्रालय को भेजे गए ई-मेल का समाचार लिखे जाने तक जवाब नहीं आया था। अबू धाबी में डब्ल्यूटीओ की 13वीं मंत्रिस्तरीय बैठक (एमसी13) में डब्ल्यूटीओ सदस्य देशों के बीच मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी पर सहमति नहीं बन पाई थी। मछुआरों की सब्सिडी मिलने से मछली उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है।

आंतरिक कोर की घूर्णन में परिवर्तन से दिन 24 घंटे से भी लंबे

-वैज्ञानिकों का दावा प्रक्रिया 2010 में हुई शुरु

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। सभी जानते हैं कि 24 घंटे में एक बार दिन और एक बार रात होती है। अब वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर दिन की अवधि को लेकर बड़ा दावा किया है। एक शोध के मुताबिक धरती के आंतरिक कोर की घूर्णन गति कम हो रही है। इसका प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रक्रिया 2010 से ही शुरू हो गई है और अब दिन की अवधि पहले से ज्यादा हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आंतरिक कोर की घूर्णन में परिवर्तन से दिन 24 घंटे से भी लंबे हो सकते हैं।

बता दें कि पृथ्वी की आंतरिक कोर एक ठोस स्फेयर है जो कि लोहे और निकेल से बनी है। वहीं इसके चारों ओर पिघली हुई धातुयें बेहद गर्म और तरल अवस्था में मौजूद हैं। पृथ्वी की 3 लेयर में मैंटल और क्रस्ट शामिल हैं। वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आंतरिक कोर के बारे में जानकारी सीस्मिक तरंगों के जरिए मिलती है। भूकंप के वक्त रिकॉर्ड किए गए कंपन से यह अध्ययन किया गया है।

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के नेचर जर्नल में छपे शोध में बताया गया है कि अगर यही ट्रेंड बरकरार रहता है तो दिन की अवधि बदल जाएगी। इसमें सेकंड के एक हिस्से का फर्क आना शुरू हो जाएगा जो कि लगातार बढ़ता ही रहेगा। शोधकर्ताओं में शामिल प्रोफेसर जॉन विडाले ने कहा कि पहले जब मुझे यह पता चला तो मैं खुद अचंभित रह गया, लेकिन जब पता चला कि 2 दर्जन ऐसे ही सिग्नल और पाए गए हैं तो यकीन हो गया कि इनर कोर में परिवर्तन हो रहा है। कई दशकों बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब इनर कोर के घूर्णन में परिवर्तन पाया गया है। धरती के इनर कोर को लेकर कई तरह की बहस चलती रहती है। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पृथ्वी की घूर्णन गति से ज्यादा तेजी से घूमती है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मैग्नेटिक फील्ड की वजह से इसका घूर्णन धरती के घूर्णन से कम होता है। हालांकि इस बात से कोई इनकार नहीं करता है कि इनर कोर से बैकट्रैकिंग होती है और इसका असर धरती की घूर्णन गति पर भी पड़ता है। 40 साल में पहली बार पाया गया है कि इनर कोर की घूर्णन गति मैंटल से कम है।

एक अन्य स्टडी में कहा गया था कि ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से पहाड़ों के ग्लैशियर और अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है और इसकी वजह से भी पृथ्वी का घूर्णन धीमा हो रहा है।

इसी वजह से दिन लंबे होते जा रहे हैं। रिसर्च में कहा गया था कि इस इफेक्ट को कम करने के लिए धरती की तरल वाली लेयर भी धीमी हो रही है। वहीं ठोस लेयर की गति तेज हो गई है। शोध में कहा गया था कि दिन की मियाद में कुछ लीप सेकंड ही जोड़े जा सकते हैं। 1972 के बाद से कुछ सालों में लीप सेकंड जोड़ने पड़ते हैं। इससे पता चलता है कि पृथ्वी हमेशा एक ही गति से नहीं घूमित है। बता दें कि वैज्ञानिक आंतरिक कोर के घूर्णन पर लगातार नजर रखते हैं। यह पृथ्वी का वह हिस्सा है जो कि 5 हजार 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहता है। वहीं यह हिस्सा हमारे पैरों से करीब 3 हजार मील दूर है। इंसान चांद का सफर तो कर चुका है लेकिन पृथ्वी के इस हिस्से तक पहुंचना अब भी नामुमकिन है।

सैमसन , यशस्वी सहित इन चार क्रिकेटरों को सुपर आठ में भी अवसर मिलना मुश्किल

बारबडोस (एजेंसी)। भरतीय क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों को अब तक टी20 विश्वकप में अवसर नहीं मिला है। अब सुपर आठ में इन खिलाड़ियों में से किसी एक को अवसर मिलना कठिन दिख रहा है। भारतीय टीम को सुपर-8 में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। विश्वकप में अब तक संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को एक भी मैच खेलने को नहीं मिला है। जिस प्रकार टीम ने अब तक खेला है। उसको देखते हुए उसमें बदलाव की उम्मीद नहीं है। ऐसे में लगता है कि इन खिलाड़ियों को बाहर ही बैठना पड़ सकता है। भारतीय टीम को अब अपने सभी मैच वेस्टइंडीज में खेलने हैं। इसकी पिचों पर स्पिनरों को सहायता मिलती है, उसे देखते हुए केवल कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल में से किसी एक को अवसर मिल सकता है पर उसके लिए अक्षर पटेल आर रविन्द्र जडेजा में से किसी एक हो हटना होगा जो अभी कठिन नजर आता है।

यशस्वी जायसवाल: सलामी बल्लेबाजी यशस?वी जायसवाल को इस बार मिलना संभव नहीं है क्योंकि विराट कोहली अभी रोहित शर्मा के साथ पारी शुरु कर रहे हैं। विराट को शायद ही एक बार फिर नंबर-3 पर खेलने को भेजा जाये। ऐसे में यशस्वी को आगे भी अवसर मिलना कठिन दिख रहा है।

संजू सैमसन: विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर संजू सैमसन को टीम इंडिया में शामिल किया गया था पर जिस प्राकर से ऋषभ पंत ने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की है उसको देखते हुए उन्हें बाहर करना संभव नजर नहीं आता। इसलिए सैमसन को अवसर मिलना संभव नहीं दिखता।

कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल: स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल अब तक टीम इंडिया के साथ बेंच पर बैठे हुए ही नजर आए। अमेरिका की पिचों पर तेज गेंदबाजों को ज?यादा मदद मिलने के कारण इन्हें अवसर नहीं मिला। अब कैरिबियाई पिचों को देखते हुए एक अतिरिक्त स्पिनर को मौका दिया जा सकता है. लेकिन फिर भी चहल और कुलदीप में से किसी एक को मौका मिलना मुश्किल नजर आता है।

चिंता की बात नहीं... जब जरुरत होगी कोहली ठोंक देगा रन

– भारतीय बल्लेबाजी कोच ने दिया जबाव

लॉडरहिल (एजेंसी)। भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में विराट कोहली का लगातार खराब फॉर्म कोई चिंता की बात नहीं है, क्योंकि वह नेट पर शानदार फॉर्म में हैं। वे सुपर आठ से पहले कहीं ज्यादा जोश में दिख रहे हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कोहली ने अब तक आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए के खिलाफ क्रमशः 1, 4 और 0 रन बनाए हैं। राठौर ने कहा, मुझे अच्छा लगता है जब मैं आता हूं, तब हर बार विराट कोहली के बारे में सवाल पूछा जाता है कि वह अच्छा कर रहे हैं या नहीं। बिल्कुल भी चिंता की बात नहीं है। वह (कोहली) जिस टूर्नामेंट (आईपीएल) से आया है, उससे शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। यहां कुछ आउट होने से कुछ नहीं बदलता, वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है।

राठौर को भरोसा है कि कोहली तब अच्छा प्रदर्शन करेगा जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी। उन्होंने कहा, वास्तव में, यह अच्छा है कि वह थोड़ा भूखा है, वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है और वास्तव में तैयार है। बल्लेबाजी कोच ने शिवम दुबे और अक्षर पटेल सहित चार ऑलराउंडर खेलना तय है या नहीं, इस सवाल को टाल दिया। उन्होंने कहा, फिर से हमें एक लचीली टीम बनने की जरूरत है। हमें उन परिस्थितियों को देखने की जरूरत है जो हमारे सामने हैं और उनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए एक टीम के रूप में मुझे लगता है कि हम वास्तव में लचीले होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उस दिन जो भी परिस्थितियां होंगी, उसके हिसाब से टीम का चयन करना चाहते है। हमारी टीम में किसी भी तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि सुपर आठ से पहले फ्लोरिडा में कुछ खेल का समय निश्चित रूप से मददगार होता। राठौर ने कहा, लेकिन अगर खेल होता तब इससे हमें वास्तव में मदद मिलती। हम वास्तव में खेल खेलने, क्रिकेट का अच्छा खेल खेलने के लिए उत्सुक थे।

गंभीर के मुख्य कोच बनते ही भारतीय टीम में बदलाव तय

मुम्बई (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर का भारतीय टीम का अगला मुख्य कोच बनना तय नजर आ रहा है। वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्वकप के साथ ही समाप्त हो जाएगा। माना जा रहा है कि जून के अंतिम सप्ताह में बीसीसीआई गंभीर की नियुक्ति को लेकर आधिकारिक घोषणा करेगी। माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने कोच पद स्वीकार करने को लेकर गंभीर की शर्तों को मान लिया है। गंभीर की मांग थी की उन्हें टीम पर पूरा नियंत्रण मिलना चाहिये। इसके साथ ही सहयोगी स्टाफ भी उनकी पसंद का ही रहेगा। इसके अलावा खराब प्रदर्शन कर रहे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने के भी अधिकार उन्हें दिये जायें। टेस्ट के लिए वह अलग टीम बनाने के साथ ही 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए अभी भी योजना बनाएंगे।

गंभीर के कोच बनते ही टीम में बड़े बदलाव होने तय है। वहीं कहा जा रहा है कि चार अनुभवी खिलाड़ियों को भी किसी न किसी प्रारुप से बाहर होना पड़ सकता है। ये हैं विराट कोहली, रोहित शर्मा रविन्द्र जाडेजा और मोहम्मद शमी।

विराट कोहली : साल 2008 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले विराट ने भारत को कई मैच जिताए हैं और सभी प्रारुपों में जमकर रन बनाये हैं पर गंभीर का मानना है कि अब विराट को सिर्फ टेस्ट और वनडे फॉर्मेट पर ही फोकस करना चाहिए। टी-20 में नए खिलाड़ियों को मौका मिलने की जरूरत है।

रोहित शर्मा : भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के लिए 2007 में डेब्यू किया था। विराट की कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें कप्तान बनाया गया। फिलहाल वह तीनों फॉर्मेट में भारत की अगुवाई कर रहे हैं। वैसे भी बीते कई साल से टी-20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। ऐसे में गंभीर के आने से वह इस प्रारुप से बाहर हो सकते हैं।

रविंद्र जडेजा : रविंद्र जडेजा सफेद गेंद प्रारुप में भारतीय टीम में बिना विशेष प्रदर्शन के ही चयनित होते जा रहे हैं। 2022 टी-20 विश्व कप, 2023 वनडे विश्व कप, मौजूदा टी-20 विश्व कप पिछले हर बड़े टूर्नामेंट में जडेजा ने निराश किया है। अब वह केवल स्वदेश में टेस्ट ही खेलने के लायक है और ऐसे में गंभीर के कार्यकाल में जडेजा बाहर हो सकते हैं।

मोहम्मद शमी- गंभीर शमी को टेस्ट में लगातार खिलाना चाहते हैं। साथ ही 2027 एकदिवसीय विश्व कप पर भी उनकी नजर हैं। ऐसे में अब कार्रभार प्रबंधन के तहत शमी को टी-20 टीम से

टी20 विश्वकप के सुपर मुकाबले 19 जून से , भारत का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेंट लूसिया (ईएमएस)। टी20 विश्वकप में अब 19 जून से सुपर आठ मुकाबले शुरु होंगे। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सुपरआठ मे पहुंची हैं। इस प्रकार चार ग्रुप से आठ टीमें सुपर आठ में पहुंची हैं। इसमें ग्रुप एक से भारत और अमेरिका जबकि ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड। वहीं ग्रुप-सी-से अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज जबकि ग्रुप-डी से दक्षिण अफ्रीका व बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं। सुपर-8 के ग्रुप एक में भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें हैं जबकि ग्रुप-2 में अमेरिका इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीम है। सुपर आठ मुकाबलों की शुरुआत 19 जून से अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबलों से शुरु होगी।

भारतीय टीम सुपर-8 चरण में खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 22 जून को एंटीगा में बांग्लादेश से उसका मुकाबला होगा। 24 जून को भारतीय मैच खेलेगी। ये सभी मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरु होंगे।

सुपर-8 के मैचों का कार्यक्रम

19 जून-अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका, एंटीगा, रात 8 बजे
20 जून-इंग्लैंड और वेस्टइंडीज, सेंट लूसिया, सुबह 6 बजे
20 जून-अफगानिस्तान और भारत, बारबाडोस, रात 8 बजे
21 जून-ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश, एंटीगा, सुबह 6 बजे
21 जून-इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, सेंट लूसिया, रात 8 बजे
22 जून-अमेरिका और वेस्टइंडीज, बारबाडोस, सुबह 6 बजे
22 जून-भारत और बांग्लादेश, एंटीगा, रात 8 बजे
23 जून-अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया, सेंट विंसेंट, सुबह 6 बजे
23 जून-अमेरिका और इंग्लैंड, बारबाडोस, रात 8 बजे
24 जून-वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका, एंटीगा, सुबह 6 बजे
24 जून-ऑस्ट्रेलिया और भारत, सेंट लूसिया, रात 8 बजे
25 जून-अफगानिस्तान और बांग्लादेश, सेंट विंसेंट, सुबह 6 बजे
27 जून-सेमीफाइनल 1, गुयाना, सुबह 6 बजे
27 जून-सेमीफाइनल 2, त्रिनिदाद, रात 8 बजे
29 जून-फाइनल, बारबाडोस, रात 8 बजे।

मैदानी कवर न रखने वाले स्टेडिमयमों में मैच नहीं रखें : गावस्कर

फ्लोरिडा। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने मैदानी कवर न रखने वाले स्टेडिमयमों में मैच नहीं रखने को कहा है। टी20 विश्व कप में बारिश के कारण कुछ मैच नहीं हो पाये क्योंकि मैदान गीले थे। इसी को देखते हुए गावस्कर ने ये बात कहीं है। इसमें भारत और कनाडा का मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना ही रद्द कर दिया गया था। यह बारिश के कारण रद्द होने वाला लगातार तीसरा मैच है। गावस्कर ने इसी को देखते हुए एक शो के दौरान कहा कि आईसीसी को उन मैचों की मेजबानी नहीं करनी चाहिए जहां पूरे मैदान को कवर करने के लिए कोई कवर नहीं है। साथ ही कहा कि आप केवल पिच को कवर करके ही मैच नहीं करा सकते हैं। मैदान के अन्य हिस्सों को भी गीला होने से बचाना होगा। फ्लोरिडा में पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण स्टेडिममों में आउटफील्ड गीली हो गई थी।

जल्द ही टी20 में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेगी स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया

एडिनबर्ग। स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया जल्द ही टी20 सीरीज खेलेगी। महीने के अंत में इंग्लैंड दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम 4, 6 और 7 सितंबर को द ग्रेंज, एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार वनडे मैच खेलने के लिए 2013 में स्कॉटलैंड का दौरा किया था, जहां उन्होंने 200 रन की बड़ी जीत हासिल की थी।

क्रिकेट स्कॉटलैंड के मुख्य टुडी लिंडब्लेड ने कहा कि स्कॉटिश क्रिकेट को सभी स्तरों पर बेहतर बनाने के लिए काम हो रहा है, और मैं उनके निरंतर समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं क्योंकि साथ मिलकर हम हर दिन स्कॉटिश क्रिकेट को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। हमें अपने स्वयंसेवकों, कोचों, प्रशासकों के काम पर गर्व है। अब तक स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 5 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली हैं। उनके सभी मैच वनडे रहे हैं। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने टी20ई श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करने की संभावना पर कहा कि गर्मियों के अंत में इस घरेलू श्रृंखला का आयोजन शानदार है। मैं भाग्यशाली था। जब आखिरी बार 2013 में ऑस्ट्रेलिया ने दौरा किया था, तब भी अपनी टीम के लिए खेला था।

एकदिवसीय शतकों के मामले में हरमनप्रीत से आगे निकलीं मंधाना

बेंगलुरु। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने यहां दक्षिण अफीकी टीम के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में 117 रनों की शतकीय पारी खेलने के साथ ही कप्तान हरमनप्रीत कौर का एक रिकार्ड तोड़ दिया। स्मृति ने मैच में 127 गेंदों पर 117 रन बनाए जो इस प्रारूप में उनका छठा शतक है। इससे भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 265 रन बनाये। स्मृति का यह स्वदेश में पहला शतक भी है। स्मृति ने इसी के साथ हरमनप्रीत के एकदिवसीय में लगाए पांच शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। स्मृति के अब एकदिवसीय प्रारुप में छह शतक हो चुके हैं। भारत की ओर से एकदिवीसय में सबसे ज्यादा शतक पूर्व कप्तान मिथाली राज के हैं। मिताली ने अपने करियर में सात शतक लगाये थे। वहीं स्मृति ने कहा कि मुझे पता था कि मैंने भारत में शतक नहीं बनाया है, पर जब मैं बल्लेबाजी कर रही थी तो यह बात मेरे दिमाग में नहीं आई। मुझे इस बात की खुशी है कि हमने 260 से अधिक रन बनाये। स्मृति ने जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के माध्यम से आखिरी बार प्रारूप खेलने के बाद एकदिवसीय खेलने के लिए की गई तैयारी को लेकर कहा कि लंबे समय के बाद एकदिवसीय क्रिकेट खेलते हुए नेट्स पर अपने शॉट्स को नियंत्रण में रखना कठिन था।

कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा है, यह फैसला पीसीबी का है: बाबर आजम

फोर्ट लाउडरहिल (एजेंसी)। टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे नहीं सोचा है और इस बारे में कोई फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से बातचीत के बाद किया जायेगा। पिछले टी20 विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान को ग्रुप ए में अपने शुरुआती दो मैचों में अमेरिका और भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में विफल रही।

एकदिवसीय विश्व कप (2023) के बाद टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में बाहर होने के कारण भारी आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान से जब आयरलैंड के खिलाफ खेले गये मैच के बाद

पूछा गया कि क्या उनकी इस्तीफा देने की कोई योजना है, तो उन्होंने पलटवार किया। आयरलैंड को तीन विकेट से हराने के बाद बाबर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जब मैं वापस जाऊंगा (पाकिस्तान) तो हम उन सभी चीजों पर चर्चा करेंगे जो यहां हुई हैं। अगर मुझे कप्तानी छोड़नी होगी, यह फैसला, मैं आपको खुलकर बताऊंगा। मैं पर्दे के पीछे कुछ भी घोषणा नहीं करूंगा। जो कुछ भी होगा वह सब के सामने होगा।''

बाबर ने कहा कि पीसीबी ने उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी थी और इसके जारी रखने पर कोई भी फैसला उन्हीं का होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने इसके बारे में नहीं सोचा है। निर्णय पीसीबी का है।'' उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी नेतृत्व की भूमिका की मांग नहीं की है। दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, '' कप्तानी के बारे में बात करें तो जब मैंने इसे (वनडे विश्व कप के बाद) छोड़ा था, तो मैंने सोचा था कि अब मुझे यह नहीं करना चाहिए, इसलिए मैंने इसे छोड़ दिया और मैंने खुद इसकी घोषणा की। फिर जब उन्होंने इसे मुझे वापस दिया, तो यह यह पीसीबी का निर्णय था।''

इस दौरान बार-बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछे जाने से बाबर झल्ला गए और उन्होंने निराशाजनक अंदाज में कहा कि टीम की हार के लिए सिर्फ उन्हें बलि का बकरा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, '' हर कोई निराश है। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। मैंने आपको पहले भी कहा कि हम किसी एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे हैं।''

बाबर ने कहा, '' हम एक टीम के तौर पर हारे हैं। मैं कप्तान हूं इसलिए आप बार-बार मेरे ऊपर उंगली उठा रहे हैं, मै सभी खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी की अपनी भूमिका होती है।'' उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हम चीजों को लागू करने, उसका पालन करने और सही तरीके से खत्म करने में सक्षम नहीं रहे हैं। हमें शांत होकर यह स्वीकार करना होगा कि हम एक टीम के रूप में अच्छा नहीं खेल सके।

52 वर्षीय महिला धाविका नताली ने 1,000 किमी रेस पूरी कर रिकार्ड बनाया

–सबसे तेजी से मलेशियाई प्रायद्वीप को पार किया

सिंगापुर सिटी। 52 साल की धाविका नताली डाउ ने भीषण गर्मी के बाद भी 12 दिन में 1,000 की दौड़ पूरी कर एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। नताली ने थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर को पार करते हुए 12 दिनों में 1,000 किलोमीटर की दौड़ लगायी। इस दौरान ये धाविका भीषण गर्मी और कूल्हे की गंभीर चोट से भी परेशान थी पर उसने हौंसला नहीं खोया और हर दिन दो मैराथन के बराबर दौड़ीं। नताली की ये यात्रा 5 जून को सिंगापुर में खत्म हुई। इस असाधारण उपलब्धि के कारण उसे सबसे तेज़ 1,000 किमी थाईलैंड-सिंगापुर अल्ट्रामैराथन के लिए सिंगापुर का रिकॉर्ड मिला। इसके अलावा सबसे तेज़ गति से मलेशिया प्रायद्वीप को पैदल पार करने के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से प्रमाण पत्र भी मिलने वाला है। इस धाविका ने कहा, मुझे खेल की चुनौतियां पसंद हैं, इसकी सहजता पसंद है पर मुझे निराशा के क्षण पसंद नहीं हैं। हालांकि ये अक्सर आते रहते हैं। इस धाविका की दौड़ के कारण वैश्विक चैरिटी जीआरएलएस के लिए 50,000 डॉलर से अधिक की राशि एकत्र हुई है। चैरिटी जीआरएलएस खेलों के जरिये से महिलाओं और लड़कियों का समर्थन करती है, जिसका उद्देश्य उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करना है। उन्होंने कहा, चाहे आप पहले स्थान पर आएं या आखिरी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आपने कुछ ऐसा किया है जो लगभग अलौकिक है, ऐसा कुछ जो दुनिया की 0.05फीसदी आबादी कभी नहीं करेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार ये यात्रा बेहद कठिन थी। 35 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में दौड़ने के कारण उनके जूते तक पिघल गए और पहले ही दिन से उन्हें कूल्हे में चोट लग गई। तीसरे दिन तक उन्हें मूत्र मार्ग में संक्रमण हो गया। हालांकि उसने ने इन चुनौतियों का सामना किया। हर दिन, उन्होंने कम से कम 84 किलोमीटर की दूरी तय की।

पाकिस्तान ने आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर जीत से अभियान खत्म किया

लॉडरहिल (एजेंसी)। पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम की नाबाद 32 रन की पारी से रविवार को यहां टी20 विश्व कप के बेमानी ग्रुप मैच में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी से आयरलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन ही बनाने दिये। पर आयरलैंड ने भी अपने गेंदबाजों की बदौलत यह लक्ष्य पाकिस्तान के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया जिसने 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की।

आजम (34 गेंद में दो चौके) अंत तक क्रीज पर रहे जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने पांच गेंद में दो छक्के से नाबाद 13 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गयी थीं जिससे यह ग्रुप मैच केवल औपचारिकता भरा था। आयरलैंड की टीम ग्रुप में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने चार ओवर में एक मेडन से 15 रन देकर तीन विकेट झटके। कर्टिस कैम्फर ने दो जबकि मार्क एडेयर और बेन वाइट ने एक विकेट हासिल किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (17) और सैम अयूब (17) पावरप्ले में आउट हो गये।

कप्तान बाबर एक छोर पर डटे रहे जबकि दूसरे छोर पर फखर जमां (05), उस्मान खान (02), शादाब खान (शून्य) आकर चलते बने। अब्बास अफरीदी ने बाबर का अच्छा साथ निभाया और 21 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए। फिर शाहीन शाह अफरीदी ने आते ही अपनी तीसरी गेंद खेलते हुए छक्का जड़ दिया। फिर दूसरा छक्का लगाकर टीम को जीत दिलायी। इससे पहले सीम और स्विंग के शानदार प्रदर्शन में शाहीन शाह अफरीदी (चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट), मोहम्मद आमिर (11 रन देकर दो विकेट) और हारिस राऊफ (17 रन देकर एक विकेट) की तिकड़ी ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर आयरलैंड के पावरप्ले में 32 रन पर छह विकेट झटक लिये थे।

बायें हाथ के स्पिनर इमाद वसीम ने फिर चार ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके। आयरलैंड के लिए गेरेथ डेलानी 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे जिन्होंने 19 गेंद की पारी के दौरान तीन छक्के और एक चौका जड़ा। मार्क एडेयर (15) और जॉर्ज डॉकरेल (11) दोहरे अंक का स्कोर बनाने वाले अन्य खिलाड़ी रहे। दसवें नंबर के खिलाड़ी जोश लिटिल ने आयरलैंड को 100 रन के पार कराया और 22 रन बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड की शुरूआत काफी खराब रही, दूसरे ओवर में टीम का स्कोर चार रन पर तीन विकेट था। शाहीन शाह अफरीदी ने पहली तीन गेंद में एंड्रयू बालबिर्नी (शून्य) और लोकरान टकर (02) के विकेट झटक लिये। आमिर ने फिर आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टरलिंग (01) का विकेट झटका। हैरी टैक्टर अगली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी का शिकार हुए जिससे तीन ओवर में 15 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा।

पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

तुर्कू। मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

पांड्या और पंत का प्रदर्शन भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू : हरभजन सिंह

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। नई दिल्ली -टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पांड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था।

हरभजन ने कहा, 'टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पांड्या विकेट चटका रहे हैं। अगर आप उनके विकेटों की संख्या पर नजर डालें तो उन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।' विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पांड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की।

पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

हरभजन ने कहा, 'पांड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। उनकी भूमिका पूरी तरह से बदल गयी। विश्व कप से पहले हम संजू सैमसन को टीम में शामिल करने के लिए कह रहे थे क्योंकि उन्होंने काफी रन बनाये थे।' हरभजन ने कहा, 'पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कराना बड़ी सकारात्मक बात है। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दायें और बायें हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है।' भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। हरभजन ने कहा कि टीम के पास नयी परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है। लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने अच्छा संघर्ष किया (न्यूयॉर्क में मुश्किल पिच पर) और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।'

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़-अबोहर -फाजिल्का -ऐलनाबाद की जैन श्वेतांबर तेरापंथी आंचलिक सभा का शपथ ग्रहण

डॉ. मुनिश्री अमृत कुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

जैन श्वेतांबर तेरापंथ आंचलिक सभा श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ अबोहर फाजिल्का और ऐलनाबाद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हनुमानगढ़ में अरिहंत भवन में आचार्य महाश्रमण के शिष्य डॉ. मुनिश्री अमृतकुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मुनिश्री उपशमन द्वारा मंगलाचरण की गई।तत्पश्चात् तेरापंथ महासभा के आँचलिक प्रभारी देवेंद्र बांठिया ने जैन संस्कार विधि के माध्यम से नवनिर्वाचित अध्यक्ष जैनप्रकाश जैन, ऋषभ चौरडिया को महामंत्री (हनुमानगढ), रविंद्र जैन (रायसिंहनगर) व विजयराज बोथरा (रावतसर) को उपाध्यक्ष, मालचंद पुगलिया (पीलीबंगा) को कोषाध्यक्ष, रोहित जैन (श्रीगंगानगर) व डॉ मुकेश जैन (रायसिंहनगर)को सह मंत्री व भरत ऋषि रांका (सूरतगढ़) को संगठन मंत्री के रूप में एवं कार्यकारिणी में आँचलिक के सभी पूर्व अध्यक्ष सहित, सभी तेरापंथी सभाओं व उपसभाओं के पदेन अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष सदस्यों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में चौ. भूपेंद्र कुमार, अतिथियों के रूप मे पूर्व आँचलिक अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन, माँगीलाल रांका, सुरेन्द्र कोठारी, निवर्तमान अध्यक्ष देवेंद्र सावनसुखा, बाबूलाल दुग्गड, राजेंद्र बैद, सभा अध्यक्ष सुभाष बांठिया उपस्थिति रहे।डॉ. मुनिश्री अमृत कुमार ने आशीर्वाद देते हुए नई कार्यकारिणी को धर्म संघ कि सेवा कार्य करने हेतु प्रेरणा पाथेय दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जैन प्रकाश ने अपनी भावी योजना बताते हुए गोलूवाला में तेरापंथ सभा भवन हेतु अपनी ओर से जमीन सभा को सपुर्द की। मंत्री ऋषभ चौरड़िया ने आये सभी आँचलिक सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।आंचलिक सभा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़ टाउन, सूरतगढ़, पीलीबंगा, लीलांवाली, ढाबां झालर, अबोहर, डाबड़ी, घड़साना, भादरा, नोहर, फाजिल्का, संगरिया, रायसिंहनगर, खाजूवाला, धोलीपाल, गजसिंहपुर, गोलूवाला, हिंजरासरसर, मिर्जावाली, पदमपुर, रामगढ़, रावला, राइयांवाली, रिडमलसर, तलवाड़ा झील, टिब्बी, रावतसर, ऐलनाबाद सहित 32 सभा व उपसभाओं का एक संगठन है,जो हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर,फाजिल्का, अबोहर तथा ऐलनाबाद की सभी सभाओं को एक रूप मे बांधने का कार्य करती है।कार्यक्रम मे जैन संस्कार विधि निभाने का कार्य विमल कोटेचा ने किया। मंच संचालन आनंद जैन व पंकज तातेड ने किया। सूरतगढ़ से इस कार्यक्रम में सभा संरक्षक मांगीलाल रांका, सभा मंत्री जयप्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष विकास चोपड़ा व जीवन विज्ञानं प्रभारी अनिल कुमार रांका ने शिरकत की।

शिवनंदी गौशाला की नई कार्यकारिणी की बैठक कार्य विभाजन कर उप समितियों का गठन

श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ में किशनपुरा आबादी स्थित श्री शिव नंदी गोशाला समिति की नई कार्यकारिणी की परिचय बैठक वरिष्ठ सदस्य डॉ. एसके सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष अनिल धानुका ने नवगठित कार्यकारणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय करवाने के साथ पिछले दिनों आए तूफान से नुकसान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नंदीशाला संबंधी विभिन्न कार्यों का विभाजन करने के लिए उप समितिया गठन किया गया। हरा चारा, चापड़, तूड़ी, नीरा, जौ, नमक आदि सामग्री खरीद की क्रय समिति में मनोज कुमार सोमानी, अनिल रांका व संजय बैद, कर्मचारियों से संबंधित कार्य, सफाई व नगर?पालिका से समन्वय बनाने के लिए कृष्ण कुमार छींपा व शिवशंकर सारड़ा, निर्माण समिति में चिरंजीलाल गर्ग व पवन कुमार मूंदड़ा, दवा खरीद उप समिति में नरेंद्र चाहर, कानून व विधि उप समिति में एडवोकेट रामप्रताप तिवाड़ी व देवेंद्र नारायण शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा खाद विक्रय की बिक्री बढ़ाने के लिए 10 ट्राली खाद खरीदने पर एक ट्राली खाद निःशुल्क देने का निर्णय लिया गया। पूर्व सचिव नरेंद्र चाहर की प्रेरणा से सह सचिव पवन मूंदड़ा ने फादर्स डे पर अपने पिता स्व. रामकुमार मूंदड़ा की स्मृति में 51 हजार रुपए का सहयोग देने की घोषणा की। इसी तरह थर्मल के उप मुख्य अभियंता एमआर चाचाण ने 51 हजार व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, बठिंडा के मैनेजर पंकज गोयल ने 11250 रूपए ने भेंट किए।इन सभी दानदाताओं का अध्यक्ष अनिल धानुका ने आभार जताते हुए कहा कि नंदीशाला में करीब 1500 नंदी है, जिनके चारा-पानी के लिए सहयोग की नितांत आवश्यकता है। इसके अलावा आजीवन व मासिक सहयोग देने वाले सदस्य बनाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। सचिव कृष्ण कुमार छींपा ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि सांसद व विधायक निधि कोष से भी सहयोग लेकर तूड़ी भंडारण निर्माण करवाने की जरूरत है। इसके लिए जनसंपर्क अधिकारी भीम जोशी, कमलेश मीणा को सांसद व विधायक से संपर्क करने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष अनिल रांका व चिरंजीलाल गर्ग, कोषाध्यक्ष अवतार सरां, सहसचिव पवन मूंदड़ा, जनसंपर्क अधिकारी भीम जोशी, पूर्व सचिव नरेंद्र चाहर, संजय बैद, सोनू बवेजा, कमलेश मीणा, देवेंद्र नारायण शर्मा, मीडिया प्रभारी शिवशंकर सारड़ा, डॉ. मुकेश बुडानिया, भरत भादू, मैनेजर रमेश, गौ परमो धर्मो संस्था के अध्यक्ष राकेश भादू आदि उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष...

दार्जिलिंग में रेल..

मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12.40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद फिलहाल कंचनजंगा एक्सप्रेस अलुआबारी स्टेशन पर है। यहां फिटनेस टेस्ट के बाद उसे सियालदह के लिए रवाना किया जाएगा। सारे पैसेंजर्स को 12.40 बजे स्पेशल ट्रेन से सियालदह के लिए रवाना किया जा चुका है। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव है। इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा।

सिग्नल खराब होना हो सकता है बड़ा कारण

रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल में रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट जंक्शन के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सुबह 8.27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और सुबह 5.50 बजे सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के कारण रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट के बीच रुकी रही। जब सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आती है तो स्टेशन मास्टर टीए 912 रिटन अथॉरिटी जारी करता है। यह ड्राइवर को खराबी के कारण सभी रेड सिग्नल पार करने का अधिकार देता है।रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को टीए 912 जारी किया था। ट्रेन 10 मिनट से यहां रुकी रही। 8.42 बजे रंगापानी से निकली मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ गई। सूत्रों के मुताबिक, केवल जांच से ही पता चल सकता है कि क्या मालगाड़ी को खराब सिग्नल को तेज गति से पार करने के लिए टीए 912 भी दिया गया था या यह लोको पायलट की गलती थी, जिसने डिफेक्टिव सिग्नल नॉर्म का उल्लंघन किया। यदि दूसरी कंडीशन अप्लाई होती है तो रेलवे के नियम के मुताबिक, ड्राइवर को हर डिफेक्टिव सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन को रोकना चाहिए था। इतना ही नहीं, इस दौरान ट्रेन की स्पीड भी 10 किमी प्रति घंटे की होनी चाहिए थी।

हादसे की जांच होगी: रेल मंत्री

कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज दोपहर दार्जिलिंग पहुंचे। घटनास्थल पर वे बाइक से आए। रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'अभी में दुर्घटनास्थल पर रेस्क्यू का जायजा लेने गया था। घायलों से मिलने अस्पताल भी गया था। डॉक्टर्स, रेलवे स्टाफ, स्टेट गवनर्मेंट के स्टाफ और गांव के लोगों ने फौरन रेस्क्यू का काम किया। जिला प्रशासन ने 8 लोगों के मौत की जानकारी दी है। अभी सारा फोकस रेस्क्यू और रेस्टोरेशन पर है। साथ ही साथ कमिश्नर रेल सेफ्टी के द्वारा जो इन्क्वायरी होती है, वो भी शुरू हो गया है। डेटा पॉइंट और डेटा लॉग देखा जा रहा है। कंप्लीट इन्क्वायरी के बाद ही हादसे की वजह का पता चलेगा।'

रेलवे को यात्री सुविधाओं की परवाह नहीं: ममता

कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा-रेल मंत्रालय को यात्रियों की सुविधाओं की परवाह नहीं है। उन्हें अधिकारियों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की भी परवाह नहीं है। वे भी परेशानी में हैं। उनकी पुरानी पेंशन वापस ले ली गई है। मैं पूरी तरह से रेलवे कर्मचारियों और रेलवे अधिकारियों के साथ हूं। वे अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस सरकार को केवल चुनाव की परवाह है। कैसे हैकिंग की जाए, कैसे हेरफेर की जाए, कैसे चुनाव में धांधली की जाए। इन्हें काम करने में अधिक समय बिताना चाहिए, बयानबाजी में नहीं।

पीएम से मिले...

केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान से जुड़े विकास व विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा के नए स्त्रोतों की बढ़ोतरी, आधुनिकीकरण और नवीन टेक्नोलॉजी के उपयोग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

हार की समीक्षा बैठक के अगले दिन पहुंचे दिल्ली

लोकसभा चुनाव में 11 सीट हारने के कारणों की दो दिन समीक्षा बैठक करने के बाद सीएम भजनलाल दिल्ली पहुंचे थे। जयपुर में शनिवार और रविवार को प्रदेश नेतृत्व ने हार के कारणों की समीक्षा की थी। इस समीक्षा बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे सहित हारी हुई सीटों के प्रत्याशी और चुनाव में जिम्मेदारी निभाने वाले नेता शामिल थे।

योजनाओं को लेकर भी हुई चर्चा

भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई में पेश होगा। इसे लेकर सीएम भजनलाल शर्मा लगातार अलग-अलग वर्गों से संवाद कर रहे हैं। बजट में राजस्थान में किन-किन योजनाओं पर केंद्र की मदद की दरकार है। बताया जा रहा है कि इसे लेकर भी आज सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी से चर्चा की है। वहीं, प्रदेश के लिए सरकार किन-किन आगामी योजनाओं पर काम कर रही है। इसकी जानकारी भी सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी को दी है।

नए आपराधिक कानूनों...

किया गया है। बैठक में मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए कि तीन नए कानून के बारे में आमजन को जागरूक करें, खासकर महिला एवं बच्चों को नये कानून के बारे में बताया जाये, स्कूल एवं कॉलेजों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं से जुड़े अपराध की जानकारी दी जाये। पंत ने गृह विभाग को निर्देश दिए कि वकीलों से समन्वय कर प्रत्येक ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर निकाय, नगर पालिका को नए कानूनों से अवगत कराया जाए। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को निर्देश दिए कि मीडिया के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया जाये एवं विभाग की वेबसाइट पर पॉपअप लगाए। स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि कॉलेज और स्कूलों में छात्रों एवं शिक्षको को जागरूक कर महिला एवं बाल अपराधों से अवगत कराये। महिला अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं साथिन को नए कानूनों को लेकर अवगत कराये जिससे वहां आने वाली महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जान सके।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग ब्रजेन्द्र कुमार जैन, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग सुबीर कुमार, शासन सचिव, गृह विभाग रश्मि गुप्ता, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग कृष्ण कुणाल, शासन सचिव, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग मोहन लाल यादव, आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सुनील शर्मा, महानिदेशक, राजस्थान पुलिस उत्कल रंजन साहू, महानिदेशक (कारागार) राजेश निरवान सहित अन्य सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेताओं की...

तय है। इसके लिए एक बार फिर से वर्तमान लोकसभा स्पीकर और कोटा सांसद ओम बिड़ला का नाम सबसे आगे चल रहा है। एनडीए की अहम सहयोगी और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू भी स्पीकर पद के लिए भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी है।

टीडीपी के एक्शन पर इंडिया ब्लॉक की नजर

टीडीपी की एक और सहयोगी और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने कहा है कि गठबंधन की बैठक में इस पर फैसला होगा। सूत्रों के मुताबिक, टीडीपी स्पीकर के पद पर दावा कर सकती है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी टीडीपी के समर्थन की बात कही है। ऐसे में टीडीपी अगर स्पीकर के पद के लिए अड़ जाती है तो भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

राहुल वायनाड से...

लेकिन यह एक कठिन निर्णय था। राहुल के ऐलान पर प्रियंका ने कहा, 'मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में बहुत खुश होउंगी। मैं उन्हें उनकी (राहुल गांधी की) अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और सभी को खुश करने और एक अच्छा प्रतिनिधि बनने की पूरी कोशिश करूंगी। मेरा रायबरेली और अमेठी से बहुत पुराना रिश्ता है और इसे तोड़ा नहीं जा सकता। मैं रायबरेली में भी अपने भाई की मदद करूंगी।' हम दोनों रायबरेली और वायनाड में मौजूद रहेंगे।' मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है, 'राहुल दो लोकसभा सीटों से जीते हैं, लेकिन कानून के मुताबिक उन्हें एक सीट खाली करनी होगी। राहुल रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे और वायनाड लोकसभा सीट खाली करेंगे। खड़गे ने कहा हमने फैसला किया है कि प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी।'

एक हजार कर्मचारियों...

प्रदेश में 1 हजार मानव संसाधनों की नियुक्ति कॉन्ट्रैक्ट पर की थी। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर हुई अलग-अलग पदों पर भर्ती के लिए इनको अलग-अलग मानदेय (पारिश्रमिक) दिया जाता था। इन्हें राज्य मानव संसाधन, जिला मानव संसाधन और ब्लॉक मानव संसाधन नाम दिए गए थे। इन्हें एक महीने की ट्रेनिंग के बाद एक साल के कॉन्ट्रैक्ट पर रखा जाता था। एक साल बाद कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया जाता था। इसे सरकार बदलते ही समाप्त कर दिया गया है। अब इनकी सेवा रिन्यू नहीं हो रही है।

राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना भी की थी बंद

इससे पहले गहलोत सरकार में शुरू हुई राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना को 31 दिसंबर 2023 से बंद कर दिया गया था। इससे राज्य के 2 हजार युवा बेरोजगार हो गए थे। राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना में युवाओं को सरकार के अलग-अलग विभागों में छह महीने से दो साल तक की इंटर्नशिप करवाई जाती थी। इंटर्नशिप में युवाओं को 10 हजार रुपए महीने दिए जाते थे। यह योजना साल 2021-22 में शुरू की गई थी।

एक से दो सप्ताह...

घंटों में मिल पाएगी और आमजन को जल्द ही चिकित्सा संबंधी लाभ मिल पाएंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा ने बताया कि उक्त मशीन के माध्यम से आईवीएफ, कैंसर से संबंधित, हारमोन की जांच तुरन्त प्रभाव से हो पाएगी। यह हनुमानगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस मशीन के हनुमानगढ़ में स्थापित होने से रिलायबल डायग्नोस्टिक ने हनुमानगढ़ के इतिहास में नाम दर्ज किया है। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने इसे चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि रिलायबल आमजन को राहत देने के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ जिले के लिए खुशी की बात है कि इस आधुनिक मशीन के माध्यम से हारमोन, कैंसर मार्कर, विटामिन की जांच हो पाएगी। 2 घंटे में बड़े से बड़े टेस्ट की रिपोर्ट रियायती दाम पर मिलेगी। नेशनल लैब के संचालक दिनेश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए रिलायबल कर्तव्यबद्ध है। लैब जांच क्षेत्र में आमजन को सुविधाएं देने के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा ताकि बड़ी से बड़ी जांच की सुविधा हनुमानगढ़ के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सके। इस मौके पर रिलायबल लैब संचालक आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पहले शिलान्यास हो चुके मार्ग का विधायक ने 10 महीने बाद दोबारा किया शिलान्यास

ये कैसा शिलान्यास, जब कार्य प्रगति पर है : पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में 10 महीने पहले कांग्रेस के तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने जिस सड़क मार्ग का शिलान्यास किया था और जिसका कार्य अभी प्रगति पर है,उसका मौजूद भाजपा विधायक गुरवीरसिंह बराड़ द्वारा आज दोबारा शिलान्यास करना, इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। इस पर तंज कसते हुए पूर्व विधायक जगदीशचंद्र जांगिड़ ने कहा कि- विधायक को अगर पत्थर पर अपना नाम लिखवाने का इतना ही शौंक है तो वे निर्माण कार्य पूरा होने पर इस मार्ग के लोकार्पण पत्थर पर नाम लिखा लेते। या फिर अपनी सरकार से नया पैसा लाते। कांग्रेसी नेता अनंतराम कारगवाल, लालचंद मिर्जेवाला, पूर्व प्रधान बॉबी बराड़, प्रमेन्द्र खीचड़, जिला परिषद सदस्य सुखप्रीतसिंह तथा सुभाष भाकर आदि ने भाजपा पर झूठी वाहवाही लूटने का आरोप लगाया। कांग्रेसी कार्यकत्ताओं ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोग मौजूदा विधायक से सवाल- जवाब करें कि जिस सड़क का सोमवार को शिलान्यास किया, उस सड़क का शिलान्यास 10 माह पूर्व निवर्तमान विधायक जगदीशचन्द्र जांगिड़ ने किया था, जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस सड़क का शिलान्यास दोबारा करवाने की जरूरत क्यों पड़ी? उधर, पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने सवाल उठाया कि ये कैसा शिलान्यास? जबकि कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 15 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत तीन पुली से दुल्लापुरकेरी वाया मोहनपुरा, कोनी, मदेरां, रेणुका सडक़ (कुल लम्बाई साढ़े छब्बीस किलोमीटर) 28.18 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सडक़ का कार्य प्रगति पर है। पूर्व विधायक श्री जांगिड़ ने बताया कि इस सम्बंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। विधानसभा के आगामी सत्र में नेता प्रतिपक्ष के माध्यम में इस मामले को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि मौजूदा सरकार ने कोई नया काम शुरू नहीं किया और पुराने कामों को नया बताकर पेश करने की कोशिश कर रही है।

उत्तम टावर में वाटर कूलर का लोकार्पण

तेज. रिपोर्टर | नोहर

स्व. उत्तमचंद तोषनीवाल की स्मृति में उनके पुत्र श्री माहेश्वरी सभा के पूर्व अध्यक्ष बसंत तोषनीवाल द्वारा यहां पंचायत समिति मार्ग पर स्थित उत्तम टावर में लगाये गये वाटर कूलर का लोकापर्ण सोमवार को विधिवत रूप से हुआ। वाटर कूलर का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया व विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण ने किया। इस मौके पर वक्ताओं कहा कि गर्मी के इस मौसम में राहगीरों के लिये शीतल जल की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। इस प्रकार के कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर एडवोकेट मुरारी चौमवाल, केएल मित्रुका, पवन करवा, मांगीलाल बजाज, हीरालाल राठी, सुरेश कलाणी, राजकुमार राणियावाला, मुरारी चाचाण, ओमप्रकाश खटोतिया, जगदीश प्रसाद इन्दोरिया, मांगीलाल गोस्वामी, राजकुमार सैनी, जयकिशन गिलड़ा, सुशील दायमा, मुकेश पंडा, केशव पंडा, हरि मित्रुका, बालकिशन व्यास, नरेश तोषनीवाल, तनुश्री तोषनीवाल, श्रीमती मंजू तोषनीवाल, अंजू पचीसिया, प्रियंका बजाज, इन्दु पचीसिया, उमा बागड़ी सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर बसंत तोषनीवाल व नरेश तोषनीवाल ने सभी का आभार जताया। बसंत तोषनीवाल ने बताया कि भविष्य में भी समाजसेवा से जुड़े कार्य जारी रहेगें। आगामी दिनों वे अपने माता-पिता की स्मृति में मानवता की सेवा के लिये चिकित्सा परामर्श शिविर का भी आयोजन करेगें।

किराये की दुकान बाईज्जत खाली की

नोहर। वर्तमान समय में किराए की संपत्ति को लेकर अक्सर वाद-विवाद होते देखा जाता है। लेकिन कस्बे के मुख्य बाजार स्थित एक दुकान में वर्षों से काबिज एक व्यक्ति ने दुकान को बाइज्जत खाली कर अपने ईमान का परिचय दिया है। यहां सिकंदर टेलर्स के संचालक पूर्व पार्षद शकूर अली ने मुख्य बाजार स्थित 43 साल पुरानी किराए की दुकान को ईद पर्व पर सोहादपूर्वक खाली कर दादा के हाथ से ली गई चाबी चौथी पीढी यानी पड़ पौत्र के हाथों में सौंपकर नायाब उदाहरण पेश किया। पार्षद प्रतिनिधि मजीद खान ने बताया कि उनके पिता शकूर अली ने 1 जनवरी 1982 में दुर्गादत्त खदरिया से 125 रूपये मासिक किराए में दुकान किराए पर ली थी। 43 साल बाद ईद के दिन ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए बेशकीमती दुकान की चाबी दुर्गादत्त खदरिया के पड़पौत्र आयूष खदरिया को सौंप दी। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। नागरिकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरणा देते है। नागरिकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्य भाईचारा व ईमानदारी को बढ़ावा देते है। दुकान के मालिक पितरसेन खदरिया ने भी किरायेदार शकूर अली के उक्त कार्य की सराहना की।

मीठे पानी की छबील लगाकर मुसाफिरों की प्यास बुझाई

भादरा। स्थानीय महारानी ग्रुप सत्संग धारा की तरफ से निर्जला एकादशी पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को छबील लगाकर पिलाया मीठा पानी इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका महाराजा अग्रसेन कॉलेज के अध्यक्ष श्री सुशील गुप्ता व सुशील खाजोतिया कार्यक्रम के संयोजक श्री केदार अग्रवाल व ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती प्रिया शर्मा की पूरी टीम सुबह 9:00 बजे से 7:00 तक रेलवे स्टेशन पर आने वाली सभी ट्रेनों पर मीठे पानी की व्यवस्था की यह सेवा दो दिन तक चलेगी इस अवसर पर सुशील गुप्ता ने बताया कि हम सबको मिलकर इस भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए जगह-जगह छबील लगाकर इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग वह आहुति अवश्य दें ताकि जन-जन की प्यास बुझाई जा सके। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य जिन्होंने सेवा दी। अध्यक्ष प्रिया शर्मा, संरक्षक केदार अग्रवाल, नितिन शर्मा, योगेश शास्त्री, दिनेश बिजारणिया, दिनेश प्रताप सिंह, डिंपल स्वामी,गरिमा, मोनिका सेन, अनु ऐचरा, आनंया पाल अग्रवाल, लक्ष्मी सेन,डिंपल सेन, आरती सैनी, रिया सैनी, पलक सैनी, हार्दिक शर्मा, विराट सैनी, युग्म सैनी, कंचन खादरिया, भवानी सिंह, संतोष एज्युनिया, पुष्पा सारडीवाल, हरीश स्वामी, नवल शेखावत, अभिषेक स्वामी आदि उपस्थित रहे।

प्रचंड गर्मी में रेलवे लोको पायलटो ने यात्रियों एवं राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत

तेज. रिपोर्टर | कोटा

भीषण गर्मी में विभिन्न प्रकार के ठंडे शर्बतो/पानी की आपूर्ति हो जाये तो दिल दिमाग तरोताजा हो जाता है। इसी को साकार करने के लिए लोको पायलटों ने कोटा जंक्शन पर 45 डिग्री तापमान में सुबह दस बजे से शाम 04.30 बजे तक रनिंग स्टाफ लॉबी ऑफिस के मुख्य द्वार (कोटा जंक्शन रेलवे स्टेशन रोड़) राह चलते आम जनों रेलवे यात्रियों को मुस्कान के साथ निस्वार्थ भाव से मानवतावादी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए ठंडे शर्बतो की आपूर्ति कर ,भीषण गर्मी में राहत की उम्मीद भरी किरण को जीवन दान के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। इस कार्यक्रम को चार चाँद लगाने के लिए श्री संतोष शर्मा सीटीसीसी सहित सभी मुख्य लोको पायलट हरिमोहन सिंह, बनवारी लाल नौरावत, शशीपाल सिंह, लेखराज मेहरा, विष्णु सोलंकी, सुधीर शर्मा, सचिन चौधरी, पवन कुमार, नीरज, रविकुमार, राम भजन, मुकेश मीणा, सुरेश चोधरी, शैलेश शर्मा, सी पी मीना, फोरिया मीणा आदि लोको पायलट मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरीश रंजन पूर्व वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर कोटा एवं स्टेशन डायरेक्टर नन्द किशोर मीणा द्वारा पुरे समय तक शर्बत वितरण मे अपार सहयोग कर अपनी कृतव्य परायणता का निर्वाहन किया। भीषण गर्मी में ठंडे पानी पेय पदार्थों की आपूर्ति के पुनीत अवसर पर राह चलते आम जनता तथा रेल यात्रियों ने लोको पायलटो सदस्यों एवं रेल प्रशासन की प्रशंसा की। डीआरएम श्री मनीष तिवारी ने इस आयोजन के लिए लोको पायलट एशोशियसन का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री रोहित मालवीय ने बताया कि रेल प्रशासन स्टेशन परिसर एरिया मे आमजनता एवं स्टेशनों पर रेल यात्रियों के सुख-सुविधा के लिए समर्पित है।

अफीम मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर । श्रीकरनपुर थाना क्षेत्र में अवैध अफीम बरामद होने के मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि चक 33-एच जोडकियां निवासी गुरदित्तसिंह (33) को गिरफ्तार किया गया है। विगत 23 मई को श्रीकरणपुर के थाना प्रभारी सीआई सुरेंद्र प्रजापति ने गुरदित्तसिंह के मकान पर छापा मारा था, जहां 650 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई थी। मौके पर से गुरदित्त सिंह फरार हो जाने में कामयाब हो गया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किए गए मुकदमे की जांच केसरीसिंहपुर के थाना प्रभारी सीआई जितेंद्र स्वामी कर रहे थे। लगभग तीन हफ्ते से फरार गुरदित्त सिंह आज पकड़ा गया।

NAME CHANGE

I HAVE CHANGED MY NAME JAGDISH PRASHAD MAHESHWARI S/O MOHAN LAL TO JAGDISH PRASHAD LAKHOTIA S/O MOHANLAL LAKHOTIA R/O 216-217 DURGA COLONY HANUMANGARH JUNCTION . DISTT HANUMANGARH.
PLZ NOTE ALL CONCERN.

डिप्रेशन, नींद, बच्चों के बौद्धिक समस्याओं का घर बैठे टोल फ्री नंबर पर निःशुल्क इलाज संभव

- आमजन बिना अपनी पहचान बताए 24 घंटे ले रहे हैं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श व भावनात्मक सहयोग

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

डिप्रेशन या मानसिक रूप से तनाव ग्रस्त रोगियों के लिए एक खास खबर है। क्योंकि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने टेली मानस टोल फ्री सेवा शुरू कर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिससे डिप्रेशन या मानसिक रोगी घर बैठे ही 24 घंटे मनोचिकित्सकों व एक्सपर्ट काउंसलरों से निःशुल्क काउंसिल ले रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि मानसिक रोगियों को घर बैठे ही मनोचिकित्सकों का परामर्श लेने के लिए 24 घंटे टोल फ्री नंबर 14416 या 1800-89-14416 पर कॉल करके टेली मानस केंद्र में संपर्क कर मनोचिकित्सक से उपचार व परामर्श लिया जा सकता है। इसके लिए खोले गए कॉल सेंटर पर रोगियों की समस्या को पहचाना जाएगा और फिर परामर्श के साथ-साथ आवश्यकता होने पर इलाज की सुविधा होगी। इस तरह डिप्रेशन, नींद, पारस्परिक संबंधों में तनाव, बच्चों के बौद्धिक व भावनात्मक समस्याओं के निदान के लिए लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी और लोगों को बिना अपनी पहचान बताए टोल फ्री सेवा उपलब्ध रहेगी। कॉल सेंटर पर ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए ट्रेंड काउंसलर मुहैया करवाए गए हैं। कॉल सेंटर से जिन रोगियों को व्यक्तिगत तौर पर डॉक्टर से मिलने का परामर्श दिया जाएगा, ऐसे रोगियों को मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में मनोचिकित्सक से उपचार उपलब्ध होगा। स्कूल और कॉलेज लेवल के छात्रों पर खास ध्यान दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन सहित स्कूल और कॉलेज में युवाओं में बढ़ते दबाव को कम करने में इस सेवा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि इसके लिए ओपीडी व जांच की पर्ची पर भी टेली मानस सेवा के टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर की मोहर लगाकर आमजन को जागरुक किया जाएगा। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म आईईसी श्रीगंगानगर के जरिए भी जिले में जागरूकता फैलाई जाएगी।

गांव रामपुरा उर्फ रामसरा में पेयजल के लिए मचा हाहाकार, ग्रामीणों को ट्रैक्टरों से पानी लेना पड़ रहा

तेज | रिपोर्टर थालड़का

ग्राम पंचायत रामपुरा ऊर्फ रामसरा में पिछले कई दिनों से पेयजल को लेकर के लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणी पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनोद शर्मा, अनिल शर्मा, विजय बाल्मिकी, सुरेंद्र कंबोज, नरेंद्र दयाराम मेघवाल आदि ने बताया किदो नहरों के बिच गाँव रामपुरा उर्फ रामसरा बसा हुआ फिर भी पेयजल के लिए ग्रामीण तरस रहा है। वाटर वर्क्स में जल भंडार के लिए जो पानी की डिग्गी बनाई हुई है। वह पानी की भरी हुई है फिर भी ग्रामीणों को पानी मिल रहा है वह पानी गाँव के वाटर वर्क्स मे पेयजल के लिए एक बोर भी लगाया लगा हुआ है। इसके बावजूद भी ग्रामवासियों को पेयजल के लिए टैकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। जिसे ग्रामीणों को 800 से 1000 हजार रुपए तक देना पड़ रहा है। खासकर के गरीब लोगो को दोहरी मार पड़ रही है। पानी के भंडारण के लिए टंकी की व्यवस्था न होने के कारण महिलाओं को घड़ो से पानी लाना पड़ रहा है। बताया कि अगर समय-समय पर पेयजल की सप्लाई हो तो किसी को भी ट्रैक्टरों से पानी नहीं मंगवाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि वाटर वर्क्स के कर्मचारी की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पेयजल समय पर नहीं मिल रहा है। कर्मचारी द्वारा फोन न उठाने के कारण ग्रामवासी बहुत परेशान है। कर्मचारी द्वारा कुछ लोगों के फोन उठाता है। बाकी लोगों के नंबर ब्लेक लिस्ट में डाल रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगता है कि विभाग कोई बड़े आंदोलन का इंतजार कर रहा है। आखिरकार ग्रामीणों को पानी के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा उसके बाद में जगदा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ध्यान देंगे। इधर कर्मचारी ओमप्रकाश ने बताया ने बताया कि बिजली कटौती के पानी सप्लाई समय पर नहीं हो रही। पानी की कोई समस्या नहीं है। और लगातार कोशिश रहती है।कि गांव में पानी की सप्लाई सही दी जाये। और भविष्य में गांव में पानी की सप्लाई सही देने की पूरी कोशिश करेंगे। मैं तो पूरे दिनभर वाटर वर्क्स में रहता हूं।

गांव में जगह-जगह मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाई

तेज रिपोर्टर. चारणवासी। सोमवार को एकादशी के दिन आस-पास गांवों में जगह-जगह मीठे व शीतल जल की छबील लगाई गई। गांव से चाक 9 केएनएन जाने वाली सड़क पर बाबा रामदेव मंदिर के आगे मदनलाल सोलड़ा, महावीर, हेतराम, प्रभू,अनिल, जसू सोलडा, गांव के मैन बस स्टेण्ड पर संजय खोथ, बंशीलाल वाी, श्रवण न्योल,राजपाल खोथ, अशोक कुमार व चारणवासी-मलवाणी के बीच सड़क पर राकेश कुहाड़, आशीष बैनीवाल, धर्मवीर धुधवाल, कालू भांभु, मांगी भांभू, गुरविंद्र, बिल्लू सिहाग, शशिकांत, बंशीलाल खीचड़, बंशी भांभु, धोळू, नरेश, लोकेश, पंकज, हंसराज स्वामी, राकेश ढाका, मलूराम भांभु सहित युवाओं की टीम ने आ-जाने वाले राहगीरों को रोककर व ग्रामीणों मीठा-शीतल जल व ठंडे पय पदार्थ पिलाकर प्यास बुझाई। श्रीकृष्ण गोशाला मलवाणी के आगे ग्रामीणों द्वारा मीठे -ठंडे पानी की छबील लगाई गई।

अहमदपुरा के युवाओं ने फोर लाइन मार्ग पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ग्राम अहमदपुरा के युवाओं ने सोमवार को फोर लाइन मार्ग पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई।अमरपुरा जीएसएसएस अध्यक्ष कुलवंत सिंह चहल, कृष्ण लाल भांभू, जसकरण सिंह गिल, सोनी कलेर, मुकेश पाल, जरनैल सिंह, आकाश कुमार, कमल पाल, अजयपाल सिंह, मिली सिंह, बंटी सिंह, सतनाम सिंह, मनीराम, कर्मजीत सिंह, प्रदीप सिंह, गुर जीवन सिंह, जस्सा सिंह, गुरविंदर सिंह, अर्जुन सिंह, जगतार सिंह, दीप सिंह, अर्शदीप सिंह सहित सेवा में मौजूद दर्जनों ग्रामीण युवाओं ने ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर स्टॉल लगाकर आने जाने वाले राहगीरों एवम ईंट भट्ठा मजदूरों को ठंडा जलजीरा, शर्बत एवम नींबू पानी पिलाया।

कस्बे में हुआ दान पुण्य का कार्य जन मंगल की हुई कमाना

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। कस्बे में सोमवार को श्रद्धालुओं ने दान पुण्य किया। बाबा श्री हरिराम बाबा मंदिर में महाकाल सेवा समिति की ओर से मीठा पानी पिलाया गया। समिति संरक्षक मनोज शर्मा, अध्यक्ष जतिन बंसल, उपाध्यक्ष पारस वर्मा, सचिव नवजोत सिंह रामगढ़िया, उपसचिव सुरेश कुमार मास्टर एवम कोषाध्यक्ष रविकांत कायल ने सेवा कार्य कर आमजन में हमेशा प्रेम और सौहार्द बना रहे ऐसी जनमंगल भावना का संकल्प लिया।

खाद्य सामग्री सहित रवाना हुआ 55 सेवादारों का पहला जत्था

- कश्मीर के पंचतरणी में अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाएगा भण्डारा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्री अमरनाथ सेवा समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंचतरणी (कश्मीर) में 28वां भण्डारा लगाया जाएगा। सोमवार को समिति सदस्यों का पहला जत्था खाद्य सामग्री लेकर पंचतरणी रवाना हुआ। फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन संस्था अध्यक्ष सन्तराम जिन्दल, मोहनलाल शर्मा, नरोत्तम सिंगला, सुभाष सिंगला, मुरारीलाल सेतिया व मनोज बंसल ने खाद्य सामग्री से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले शिव भोले की पूजा-अर्चना की गई। पंडित विपिन बिहारी शास्त्री की ओर से विधि-विधान से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। समिति प्रधान सूरजभान मित्तल व सचिव इन्द्रजीत चराया ने बताया कि 55 सेवादारों का पहला जत्था भोलासिंह, नितिन सिंगला, रतन बंसल, चिंटू शर्मा के नेतृत्व में एक ट्रक में खाद्य सामग्री के साथ रवाना हुआ है जो 29 जून से यात्रा प्रारम्भ होने से लेकर 19 अगस्त तक अमरनाथ जाने वाले यात्रियों की सेवा करेगा। पंचतरणी में लगाए जाने वाले भण्डारे में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को भोजन, आवास व मेडिकल सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस मौके पर समिति के पवन सिंगला, गोविन्द सोमानी, सुरेन्द्र नागपाल, राजकुमार चुघ, प्रवीण गर्ग, हैप्पी गुम्बर, कृष्ण मदान, सुरेन्द्र नागपाल, प्रवीण गर्ग, विजय गुप्ता, करतार चन्द्र गुम्बर, दरवेश गोयल, सतीश गर्ग, नितिन मोहित, लक्की कामरा, हेमराज, देव सिंगला, सतीश गोयल आदि मौजूद थे। यह भण्डारा 51 दिन तक चलेगा।

शाह ने की नई दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, केंद्रीय गृह सचिव, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, थल सेनाध्यक्ष (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार, असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सेना तथा गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समग्र समीक्षा की और निर्देश दिया कि मणिपुर में हिंसा की कोई और घटना न हो। गृह मंत्री ने राज्य में शांति और सौहार्द बहाल करने के लिए केंद्रीय बलों की रणनीतिक तैनाती करने को कहा, साथ ही कहा कि आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने राहत शिविरों की स्थिति, विशेष रूप से भोजन, पानी, दवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उचित उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। गृह मंत्री ने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापित लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने और उनके पुनर्वास का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने मौजूदा जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों, मैतेई और कुकी से बात करेगी, ताकि दोनों समुदायों के बीच की खाई को पाटा जा सके। भारत सरकार राज्य में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने में मणिपुर सरकार का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है।

ईदु-उल-जुहा बक़रीद पर सांसद राहुल कस्वां ने दी मुबारकबाद

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला मुख्यालय पर ईदु -उल-जुहा बक़रीद की नमाज को शहर की पुरानी ईदगाह मरकज़ी में, शहर इमाम मोहम्मद अनवार नदीमुल कादरी ने बक़रीद की नमाज़ बड़ी ईदगाह में पढ़ाई। कुतब्बा शहर काजी मौलाना अहमद अली शाह ने पढ़ा। ईदगाह के बाहर नमाज़ियों को मुबारक बाद देने सांसद राहुल कस्वा, नगर परिषद पूर्व सभापति गोविंन्द महँसरिया, वरिष्ठ नेता रियाज़त खान, धर्मेन्द्र बुडानिया, कांग्रेस नेता जमील चौहान, उपसभापति प्रतिनिधि रमजान खान, मोहनलाल आर्य, आशाराम सेनी, डूंगरमल सैनी, हेमन्त सिहाग, मोहम्मद हुसैन निर्बान, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, पूर्व पार्षद सीताराम खटीक, रामेश्वर प्रजापत, पार्षद विनोद खटीक, पार्षद अलवारिया, बजरंग बजाड़, चंदनमल लालासर, विद्याधर मेघवाल, मुबारक भाटी, सलीम पीए, सद्दाम हुसैन, रणवीर कस्वा टी आर ए युगेश ढाका, रामचंद्र सूंडा, जयचन्द दईया हेमन्त सैनी, कपिल भाटी, आदि ने गले मिलकर शांति व भाई चारे के त्यौहार बक़रीद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में शहर इमाम मोहम्मदअनवार नदीमुल कादरी व शहर काजी मौलाना अहमद अली ने देश की तरक़्क़ी व खुशहाली की दुवाए की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, जिला पुलिश अधीक्षक, जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी, पत्रकारो सहित अनेक समाज के व्यक्तियो ने मुबारक़ बाद दी। इसी तरह आथुना मोहल्ला ईदगाह सैयदना में बकराई ईद की नमाज़ मौलाना लियाक़त अली ने पढ़ाई जिसमे बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने नमाज़ पढा।

स्वच्छ व मीठा जल उपलब्ध करवाने की मांग

- विधायक से मिले चर्च कॉलोनी के वाशिंदे

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

कॉलोनी में स्वच्छ व मीठा जल उपलब्ध करवाने की मांग के संबंध में ग्राम पंचायत दो केएनजे की चर्च कॉलोनी के वाशिंदों ने सोमवार को विधायक गणेश राज बंसल से मुलाकात की। ग्रामीण केके वर्तिया ने विधायक को बताया कि सन् 2000 से मुख्य मार्ग श्रीगंगानगर रोड के पास चर्च कॉलोनी स्थापित है। लेकिन अभी तक चर्च कॉलोनी में पीने के पानी की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। आमजन को मजबूरन टैंकरों से पानी मंगवाकर खरीदना पड़ता है। इससे इस भीषण गर्मी में बड़ी परेशान का सामना करना पड़ रहा है। विधायक गणेश राज बंसल ने कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही कॉलोनी में पाइप लाइन बिछवाकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस मौके पर वेद प्रकाश, हरपाल सिंह, प्रवीण, मंगत सिंह, राधेश्याम, लवली वर्मा, लाला, मौसम सिंह, बबलू, शंकर, बुधराम सहित कई अन्य कॉलोनीवासी मौजूद थे।

निर्जला एकादशी के उपलक्ष पर ग्रामीणों ने लगाई मीठे जल की छबील

तेज | रिपोर्टर टिब्बी

निकटवर्ती गांव सलेमगढ मसानी में रेलवे स्टेशन पर जल सेवा समिति सलेमगढ़ मसानी द्वारा निर्जला एकादशी ग्यारस पर ग्रामीणों की तरफ से मीठे जल की छबील लगाई गई भीषण गर्मी में यात्रियों को ठंडे मीठे जल से राहत मिली यह समिति पिछले 4 साल से ठंडे जल की सेवा दे रही है समिति के प्रधान रामस्वरूप सुथार ने बताया कि हमे दोनो गांव व आस पास की ढाणियों से भी अच्छा सहयोग मिलता है कोषा अध्यक्ष बलराम कासनिया भी समिति के लिए खूब सहयोग मांग रहे हैं कार्य कर्ता राज कुमार जालंधरा, सुखदेव राणा, अमृत पाल, दीपक राणा, यश जालंधरा, सुरेंद्र सोखल, नरेश शर्मा, करनी सिंह, बाबूराम सुथार, श्याम सुंदर शर्मा, राम शर्मा, लक्ष्य, दुष्यंत सुथार, जीतराम सुथार, मनीराम वर्मा, सार्दुल वर्मा, संदीप, प्रवीण, गोपी, लक्ष्मण, रंजीत मौजूद रहे।

गायों को खिलाए तरबूज व फल

तेज रिपोर्टर. चूरू। निर्जला एकादशी पर वार्ड 55 के दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में टीम प्रतिभानगर गौसेवा संघ के पदाधिकारियों की ओर से असहाय गायों को तरबूज व जलहरि सब्जिया खिलाई गई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कोशीधोरा, बगड़ियों की बगीची व सब्जी मण्डी आदि स्थानों पर टीम ने 8 क्विंटल तरबूज व फल गायों को खिलाएं। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी राजेन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, सत्यनारायण व्यास, मघाराम, राजु लखेरा, शिवरत्न चोटिया, नंदकिशोर, चन्द्ररतन महर्षि, हर्षित चोटिया, संदीप सोती, अनीश शर्मा, राजेश लढानिया, पुलकित सोती, युवराज, रोहिताश, रवि सोती, कुलदीप, नारायण, नरेन्द्र स्वामी, विकास जोशी आदि मौजूद रहे।

माहेश्वरी सेवा समिति व माहेश्वरी मण्डल के तत्वावधान में मनाया महेश नवमी पर्व

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाऊन माहेश्वरी सेवा समिति व माहेश्वरी मण्डल के तत्वावधान मे माहेश्वरी समाज वशोंप्ति दिवस महेश नवमी पर्व श्री माहेश्वरी भवन में मनाया गया। सर्व प्रथम समिति अध्यक्ष कृष्ण चाण्ड़क व महिला मण्डल अध्यक्ष श्री मति विमला करवा ने भगवान महेश की मंत्रोच्चारण के साथ पुजा अर्चना की। महिला मण्डल सदस्य कान्ता सारड़ा, सरला बिहाणी, सुधा सोनी, मीनल जाजु अंजना भट्टड, , सुमन सोनी, चेतना चाण्डक, अनिता मोहता, ऐश्वर्य मोहता, द्वारा भगवान महेश की वन्दना की गई। भगवान भोलेनाथ की पुजा अर्चना, वन्दना के बाद भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ सामुहिक आरती हुई। आरती के बाद प्रसाद वितरण व अल्पाहार हुआ। समिति सचिव विजय सिगची ने बताया की महेश नवमी के पावन पर्व को हमारे समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही धुमधाम से मनाया जाता है। महेश नवमी पर्व पर माहेश्वरी समाज के सभी परिवार अपने अपने घरो को सजाते है रंगोली भी बनाते व संध्याकाल मे अपने निवास स्थान पर दीप माला भी करते है। आज महेश नवमी पर्व पर श्री माहेश्वरी भवन मे माहेश्वरी सेवा समिति संरक्षक सुरेन्द्र जाजु, अध्यक्ष कृष्ण चाण्डक बाबुलाल सोनी, प्रदीप सारडा, किशन बिहारी मालपानी, गोपाल कृष्ण सोनी, पुरूषोत्म मोहता, पवन भट्टड, इन्द्र सोनी, नरेश झवर, ओम सारडा, पवन बिहाणी, दीनदयाल मिमाणी, अशोक करवा, संजय सिगची, लोकेश बिहाणी, सुभाष मिमाणी, राजेश झवर सुनील मोहता, सतीश राठी, पवन झवंर, दीपक सोनी, पवन मुन्दडा, केशव सारडा, श्याम सुन्दर मुन्दडा, देवकिशन मिमाणी बसन्त बिहाणी पुष्कर सारड़ा व समाज के बन्धु व महिलाऐ उपस्थित थी। सचिव विजय सिगची ने सभी को महेश नवमी की बधाई दी व आये हुऐ सभी महेश बन्धु व मातृ शक्ति का अभार व्यक्त किया।

हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

हेयरकट हिट जलवा फिट

मम्मा की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड: तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।

बॉब कट: प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

बैंग्स: बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

पिक्सी: शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

बन हेयरस्टाइल: बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

सेडू हेयरस्टाइल: सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।

घर संभालने की कला

दोस्तों घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।

पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

आम तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैंग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैंग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैंग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पातीं।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।

दिख रही आगे निकलने की चाहत?

प्रारंभ में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।

ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं

हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।

परंपरागत माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

एक की ट्रक की टक्कर तो दूसरे की नशे की ओवरडोज से मौत

तीसरे ने गटका कीटनाशक, चौथा ट्रेन से कटा तो पांचवें ने लगाई नहर में छलांग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन-टाउन व सदर थाना क्षेत्र में पांच जनों की अलग-अलग कारणों से मौत हो गई। एक की ट्रक की टक्कर से तो दूसरे की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। तीसरे ने कीटनाशक गटक लिया। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चौथा ट्रेन से कट गया तो पांचवें ने नहर में छलांग लगाकर ईहलीला समाप्त कर ली। इन घटनाओं के संबंध में तीनों पुलिस थानों में मुकदमे व मर्ग रिपोर्ट दर्ज की गई है। जंक्शन थाना क्षेत्र में अबोहर मार्ग स्थित गांव रोड़ांवाली के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार प्रौढ़ की मौत हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सुरेन्द्र कुमार पुत्र पन्नालाल भाट निवासी वार्ड सात, गांव रोड़ांवाली ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि खेती करने वाले उसके चाचा सोहनलाल (50) बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। चक 11 एलएलडब्ल्यू रोही रोड़ांवाली के नजदीक पहुंचे तो ट्रक नम्बर एनएल 01 जी 3410 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाकर उसके चाचा की बाइक के टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसके चाचा सोहनलाल सड़क पर गिर गए। गंभीर चोटें लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार सुबह टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय के मोर्चरी कक्ष में रखा शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच हैड कांस्टेबल विजयसिंह कर रहे हैं। टाउन थाना क्षेत्र में नशे की ओवरडोज से एक और युवक की मौत हो गई। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में मर्ग दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार रवि (27) पुत्र ओमप्रकाश सांसी निवासी वार्ड 39, प्रेमनगर, टाउन ने बताया कि उसका बड़ा भाई हन्नी (30) नशा करने का आदी था। गत दिवस नशे की ओवरडोज के कारण उसके भाई की मौत हो गई। हन्नी का शव टाउन की धानमंडी स्थित पंचमुखी मंदिर के नजदीक मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच एसआई ज्योति कर रही हैं। गौरतलब है कि जिले के काफी युवा नशे की प्रवृत्ति का शिकार हो चुके हैं। विशेषकर चिट्टा (हेरोइन) नशे का प्रचलन जिले में बड़ी तेजी से बढ़ा है। इसका परिणाम यह है कि अब तक कई युवा नशे की ओवरडोज के कारण मौत के मुंह में समा चुके हैं। टाउन थाना क्षेत्र के गांव कोहला में कीटनाशक गटकने से एक युवक की मौत हो गई। टाउन पुलिस थाना में मृतक के पिता की ओर रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार रामकुमार (62) पुत्र रूपराम सुथार निवासी वार्ड दो, गांव कोहला ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि गत दिनों मजदूरी करने वाले उसके लड़के नरेश कुमार (24) ने दवाई के स्थान पर भूलवश कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान नरेश कुमार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। जांच एसआई ज्योति कर रही हैं। जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव नवां व चंदड़ा के बीच सोमवार सुबह ट्रेन से कटने से प्रौढ़ की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान के बाद शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मर्ग दर्ज हुई है। एएसआई जयसिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति नवां-चंदड़ा के बीच ट्रेन से कट गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो मृतक की पहचान गुरविन्द्र सिंह (40) पुत्र दर्शनसिंह जटसिख निवासी सलाम खेड़ा हरियाणा के रूप में हुई। मृतक के परिवार के गुरमेल सिंह ने गुरविन्द्र सिंह की पहचान की। पुलिस के अनुसार परिजनों ने जानकारी दी कि मृतक गुरविन्द्र सिंह मानसिक रूप से परेशान रहता था। उसे कुछ समय पहले ही नशा छुड़वाया था। परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच एएसआई कृष्णलाल बिश्नोई को सौंपी गई है।

नहर में लगाई छलांग, आत्महत्या दुष्प्रेरण का मुकदमा दर्ज

सदर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने माता-पिता, भाई-भाभी वगैरा से तंग-परेशान होकर नहर में छलांग लगा दी। डूबने से युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के ससुर की ओर से सदर पुलिस थाना में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि धर्मपाल पुत्र भादरराम कुम्हार निवासी वार्ड तीन, डबलीराठान ने नूरपुरा के पास सार्दुल ब्रांच नहर में छलांग लगा दी है। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। गोताखोर बुलवाकर नहर खंगालने का कार्य शुरू करवाया। दिनभर चले प्रयास के बाद शाम करीब पांच बजे धर्मपाल का शव नहर से बरामद हो गया। धर्मपाल ने जिस जगह छलांग लगाई थी उससे करीब दो-ढाई किलोमीटर आगे शव नहर में ऊपर तैरता मिला। शव को कब्जे में लेकर टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय के मोर्चरी कक्ष में रखवाया। इसी बीच मृतक धर्मपाल के ससुर हजारीराम पुत्र सुरजाराम कुम्हार निवासी ढाणी राणासर पंवारा तहसील सरदारशहर पीएस भानीपुरा जिला चूरू ने अपने दामाद धर्मपाल को उसके पिता भादरराम पुत्र पुरखाराम, माता संतोष, भाई जीतराम, भाभी विमला देवी पत्नी जीतराम व देवीलाल पुत्र सुरजाराम निवासी रावतसर पर उसके जवाई व पुत्री के साथ मारपीट कर उन्हें तंग-परेशान करने का आरोप लगाया। हजारीराम ने आरोप लगाया कि तंग-परेशान करने की वजह से ही उसके जवाई धर्मपाल ने नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट के आधार पर मृतक के पिता-माता वगैरा के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। सोमवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। दर्ज प्रकरण में अनुसंधान जारी है। मृतक खेती करता था।

ग्राहक बनकर आया अज्ञात शख्स 50 हजार रुपए चोरी कर ले गया

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जिले में संगरिया में कृषि यंत्र बनाने वाली एक वर्कशॉप में एक अज्ञात युवक ग्राहक बनकर आया और 50 हजार रुपए चोरी करके ले गया। इस युवक द्वारा की गई वारदात वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के एक हफ्ते बाद भी इस युवक का अभी तक पता नहीं चला। उसके खिलाफ वर्कशॉप के संचालक के द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक रामसिंह रामगढ़िया (40) निवासी वार्ड नंबर 21 ढाबां द्वारा दी गई रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया है।रामसिंह और उसके भाई की संगरिया में टिब्बी रोड पर गणेश मंदिर के समीप रामसिंह एंड ब्रदर्स के नाम से कृषि यंत्र बनाने की वर्कशॉप है। पुलिस को रामसिंह ने बताया कि 10 जून की सुबह 9.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति आया। वह अपने मोबाइल फोन पर बात करने लगा। बात करते-करते यह व्यक्ति वर्कशॉप के केबिन में जाकर बैठ गया। उन्होंने सोचा कि यह कोई ग्राहक है, जो फिलहाल फोन पर बात कर रहा है। रामसिंह के मुताबिक वे अपने काम में व्यस्त हो गए। इसी दौरान उक्त व्यक्ति ने केबिन में पेचकस से गल्ले का ताला खोल लिया और उसमें रखे 50 हजार रुपए लेकर चुपचाप चला गया।उन्हें इस बात का बाद में पता चला। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उसमें वह रुपए चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

सूर्य की तपिश ने दिनभर झुलसाया

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। मानसून से पहले प्रचण्ड गर्मी लोगों को खूब परेशान कर रही है। सोमवार को चली हीटवेव व सूर्य की तपिश ने लोगों को दिनभर झुलसाया। दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कें भी सुनसान नजर आईं। सोमवार को भी हनुमानगढ़ का अधिकतम तापमान 46 डिग्री के पार दर्ज किया गया। बारिश नहीं होने और तापमान बढ़ने से लोग पहले ही परेशान हैं। ऊपर से बिजली कटौती और परेशान कर रही है। तेज गर्मी और उमस के बीच कई गांवों और शहरों में घंटों तक बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में दिन और रात में 2 से 4 बार बिजली जाने की शिकायतें आ रही हैं। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राजस्थान में समय पर या उससे पहले मानसून की एंट्री होगी।

अल्लाह की इबादत में एकसाथ झुके हजारों शीश

जिले में शांतिपूर्वक मना ई-उल-अजहा का पर्व

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा यानि बकरीद सोमवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद-उल-फितर के बाद मुस्लिम समुदाय के दूसरे सबसे मुख्य त्योहार पर सुबह से ही ईदगाह व मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बुजुर्गों और अभिभावकों के साथ बच्चों का झुंड भी कहीं उनकी उंगलियां पकड़े तो कहीं उछलते-कूदते आगे-आगे चला। ईदगाह व मस्जिदों में सुबह ईद की नमाज अदा की गई। नमाज करवाकर देश भर के लिए खुशहाली, अमन, चैन और आपसी भाइचारे की दुआ की गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के नागरिकों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह व मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। ईदगाहों के बाहर लगे मेले का बच्चों से लेकर बड़ों तक ने लुत्फ उठाया। अपने जरूरत के सामानों की खरीदारी भी की। पर्व को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के नागरिकों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे। नमाज के बाद रिश्तेदारों से मिलने, दावत खाने और एक-दूसरे को उपहार देने का सिलसिला चला। बच्चे नए कपड़े पहनकर और ईदी (ईद की राशि) लेकर खुश नजर आए। देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। घर-घर पकवान बने। एक-दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे।

शोक-सन्देश

बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया माताजी

श्रीमति रेवन्ती देवी

पत्नी स्व. श्री हेतराम सहारण का स्वर्गवास दिनांक 9.6.2024 को हो गया है। इनका द्वादशा दिनांक 19.6.2024 को होगा।

नोट: ऊढावणी एवं अन्य नकदी लेनदेन प्रतिबंधित है।

शोकाकुल: श्रीमति मन्जु चौधरी-अमीलाल सहारण (उपरजिस्ट्रार सहकारिता), श्रीमति गीता-राकेश कुमार सहारण (व्यवस्थापक न्यौलखी), श्रीमति पुष्पा-स्व. श्री राजेन्द्र कुमार सहारण (पुत्र-पुत्रवधू), मोहित, सुनील कुमार, अनिल एवं निखिल सहारण एवं समस्त सहारण परिवार।

निवास: स्थान 43 कचहरी रोड़, पुलिस थाना के सामने, सेक्टर 9/1 हनुमानगढ़ जं.

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

आत्मा अजर अमर और शाश्वत है, यही जीवन है

आपको सूचित करते हुए अत्यधिक दुःख हो रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी

श्रीमती विमला रानी

धर्मपत्नी स्व. श्री बलदेव राज त्रेहन

दिनांक 11 जून, 2024, मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर स्वर्गलोक सिधार गई हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए जिनकी आत्मिक शांति हेतु अंतिम अरदास (रस्म दहाका) 21 जून 2024, शुक्रवार को 12.00 बजे से 1.00 बजे तक अरोड़वंश धर्मशाला, नजदीक एलआईसी ऑफिस, रायसिंहनगर में होगा।

शोकाकुल: डॉ. रवि त्रेहन-श्रीमती नीलम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), विजय त्रेहन-श्रीमती पूनम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), संजीव त्रेहन-श्रीमती दिव्या त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), हरीश खेर-श्रीमती सुमन खेर (दामाद-पुत्री)

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442